रविवार, 27 जुलाई 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 32 |
| आर्द्रता | 95% |
| सूर्योदय: 5:06 | सूर्यास्त: 18:20 |




गिल और राहुल की अर्धशतकीय साझेदारी से भारत को राहत -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : शक्ति शारीरिक क्षमता से नहीं आती। यह अदम्य इच्छाशक्ति से आती है।

# खराब सड़कों के कारण फीकी पड़ रही है हावड़ा ब्रिज की ऐतिहासिक चमक



फोटो : चंदन राय

कोलकाता से हावड़ा की ओर

## बरसात में गड्ढे बने खतरा

**सरिता सोरेन**

**कोलकाता,समाज्ञा :** एक तरफ कोलकाता अपने इतिहास, संस्कृति और हावड़ा ब्रिज जैसी पहचान को लेकर गर्व करता है, तो दूसरी तरफ यही शहर आज खुद अपनी सड़कों की हालत से शर्मसार हो रहा है। बारिश के मौसम में शहर की सड़कों का हाल ऐसा हो गया है कि हर रोज का सफर एक जोखिम बन चुका है। कोलकाता की कई मुख्य सड़कों पर गड्ढों का साम्राज्य फैल चुका है। वहीं, हावड़ा, जो कि हावड़ा ब्रिज के जरिए कोलकाता से जुड़ता है,

## जर्जर रास्तों से बढ़ा ट्रैफिक और जोखिम

वहां की सड़कों की हालत और भी चिंताजनक है। ब्रिज के दोनों ओर की सड़कों में जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, जिनमें बारिश का पानी जमा रहता है। ऐसे में राहगीरों को अंदाजा भी नहीं होता कि अगला कदम ठोस जमीन पर पड़ेगा या किसी छिपे हुए गड्ढे में। सड़कों की हालत इतनी बदहाल है कि खुद शहर की पहचान पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों की मरम्मत सिर्फ दिखावे के लिए होती है। दो दिन की अस्थायी मरम्मत के बाद फिर वही पुरानी कहानी शुरू हो जाती है - गड्ढे, पानी और परेशानी।



हावड़ा से कोलकाता की ओर

## हावड़ा ब्रिज की शान पर पड़ रहा है असर

देश-विदेश से लोग हावड़ा ब्रिज को देखने आते हैं। इसकी भव्य बनावट, ऐतिहासिक महत्व और इंजीनियरिंग को देखने का उत्साह लोगों के चेहरों पर साफ दिखता है, लेकिन जब वे ब्रिज के आस-पास की टूटी सड़कों और गंदगी को देखते हैं, तो यही उत्साह मायूसी में बदल जाता है। यह सिर्फ सड़क की समस्या नहीं है, ये शहर की छवि की बात है। कोलकाता की पहचान उसके रास्तों से होकर ही गुजरती है और जब वही रास्ते खस्ताहाल हों, तो पहचान भी धुंधली हो जाती है। एक शानदार ब्रिज के सामने टूटी सड़कें शहर की अव्यवस्था की ओर सीधा इशारा करती हैं। कोलकाता और हावड़ा की सड़कों की हालत सिर्फ एक लोकल समस्या नहीं है, ये शहर की प्रतिष्ठा से जुड़ा सवाल बन चुका है। जब तक ब्रिज तक पहुंचने वाली सड़कों को ठीक नहीं किया जाएगा, तब तक हावड़ा ब्रिज की खूबसूरती भी अधूरी ही लगेगी।

# स्कूलों में सुरक्षा का ऑडिट अनिवार्य: केंद्र सरकार का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश



**नयी दिल्ली :** शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी कर स्कूलों में बच्चों से जुड़ी संरचनाओं तथा सुरक्षा तंत्र का ऑडिट करना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों से इमारतों की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने को भी कहा है। यह कदम राजस्थान के झालावाड़ जिले में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने के एक दिन बाद उठाया गया है। राजस्थान में स्कूल में हुए हादसे में सात बच्चों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए थे। मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, ''राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छात्रों की सुरक्षा और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं के अनुरूप स्कूलों और बच्चों से संबंधित संरचनाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारियों के लिए कर्मचारियों और छात्रों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है।'' उन्होंने कहा, ''संरचनात्मक समग्रता, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास और बिजली के तारों का गहन मूल्यांकन किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कर्मचारियों और छात्रों को आपातकालीन तैयारियों का प्रशिक्षण दिया जाए, जिसमें निकासी अभ्यास, प्राथमिक उपचार और सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं।'' मंत्रालय ने सिफारिश की कि स्थानीय प्राधिकारियों (एनडीएमए, अग्निशमन सेवाएं, पुलिस और चिकित्सा एजेंसियां) के साथ सहयोग को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र और मॉक ड्रिल आयोजित की जा सकें। शारीरिक सुरक्षा के अतिरिक्त, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा इसके लिए परामर्श सेवाएं, सहकर्मी सहायता प्रणाली और सामुदायिक सहभागिता जैसी पहल आदि शुरू की जानी चाहिए।

# मुख्यमंत्री ममता ने भाजपा शासित राज्यों पर लगाया बंगाली भाषियों के 'साजिशन' उत्पीड़न का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर बंगाली भाषियों के उत्पीड़न और अवैध निर्वासन का मुद्दा उठाया है। शनिवार को उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच (एचअ-ारडब्लू) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला। ममता ने दावा किया कि न्यूयॉर्क स्थित प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठन 'ह्यूमन राइट्स वॉच' (एचअ-ारडब्ल्यू) ने अपनी रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया है कि देश के विभिन्न हिस्सों में बंगाली भाषी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनके साथ भेदभाव हो रहा है और उन्हें अवैध रूप से देश से बाहर निकाला जा रहा है। इस दिन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ह्यूमन राइट्स वॉच ने यह उजागर किया है कि भाजपा शासित राज्यों में भारतीय बंगालियों को संगठित रूप से निशाना बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अलग-अलग जातियों और समुदायों के बंगाली भाषी भारतीय नागरिकों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है और उन्हें बाहर निकालने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने एचआरडब्ल्यू की एशिया निदेशक एलेन पियर्सन का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा सरकार बंगालियों को मनमाने ढंग से देश से निकालकर भेदभाव को बढ़ावा दे रही है, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। उनका यह दावा कि वे अवैध घुसपैठ को रोक रहे हैं, सरासर अविश्वसनीय है। ममता ने आगे कहा कि यह सिलसिला असम, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली जैसे भाजपा शासित राज्यों में गृह मंत्रालय के निर्देश पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि यह शर्मनाक है कि अब अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन भी भारत में फैले इस भाषायी आतंकवाद पर ध्यान देने लगे हैं। इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

# भारत मालदीव के लोगों की आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध: प्रधानमंत्री मोदी

### मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि बने प्रधानमंत्री मोदी

**माले :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मोदी का समारोह में शामिल होना दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार का एक और संकेत है। मालदीव की राजधानी के मध्य में स्थित समारोह स्थल, 'रिप-ब्लिक स्क्वायर' पर राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनके मंत्रिमंडल के शीर्ष मंत्रियों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी, मुइज्जू के बगल में बैठे और मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित 50 मिनट से अधिक समय के कार्यक्रम को देखा। समारोह में सैन्य परेड और बच्चों एवं पारंपरिक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें मालदीव के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा, ''भारत और मालदीव के बीच गहरी साझेदारी है जो आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और सांस्कृतिक एवं आर्थिक आदान-प्रदान के लंबे इतिहास पर आधारित है।'' उन्होंने 'एक्स' पर कहा, हमारे संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जो लोगों के बीच आपसी संपर्क और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग से आकार ले रहे हैं।

# एशिया कप 2025 : भारत-पाकिस्तान मैच 14 और 21 सितंबर को

### टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होगा




**नई दिल्ली :** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने घोषणा की है कि पुरुष टी20 एशिया कप 2025 का आयोजन 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच पहला मुकाबला 14 सितंबर को ग्रुप चरण में और दूसरा मैच 21 सितंबर को सुपर फोर में संभावित रूप से खेला जाएगा। दोनों टीमें अगर फाइनल में पहुंचती हैं तो तीसरा मुकाबला 28 सितंबर को हो सकता है।

**भारत के मैच इस प्रकार हैं:**

10 सितंबर: बनाम यूएई
14 सितंबर: बनाम पाकिस्तान
19 सितंबर: बनाम ओमान

इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है।

**ग्रुप ए:** भारत, पाकिस्तान, यूएई, ओमान

**ग्रुप बी:** श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग

सभी मैच दुबई और अबूधाबी में खेले जाएंगे। इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में होगा ताकि टी20 विश्व कप की तैयारी की जा सके। टूर्नामेंट की मेजबानी बीसीसीआई के पास है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए इसे तटस्थ स्थल पर आयोजित किया जा रहा है।




# बिहार: एक साल के बच्चे ने जिंदा नाग को चबाकर मार डाला

**बेतिया :** बिहार के एक सुदूर गांव में एक साल के बच्चे ने जहरीले नाग को दांत से काटकर मार डाला। स्थानीय लोगों ने यह दावा किया। यह विचित्र घटना पश्चिम चंपारण जिले में घटी। परिवार के सदस्य बच्चे को बेतिया शहर के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में लेकर आए। अस्पताल अधीक्षक दुवकांत मिश्रा ने शनिवार को बताया, ''लड़के गोविंद कुमार को कल उसके गांव के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से यहां रेफर किया गया था। वह जीवित सांप को चबाने के बाद बेहोश हो गया था और परिवार के सदस्य उसे अस्पताल लाए थे।'' मिश्रा ने बताया, ''परिवार के सदस्यों का दावा है कि उसने मझौलिया प्रखंड के मोहच्छी बनकटवा गांव में स्थित अपने घर पर सांप को पकड़ लिया था। उसे सांप के साथ उसकी दादी ने देखा और जब तक वह रोक पातीं, तब तक बच्चे ने सांप को काट लिया था। नाग फर्श पर मृत पड़ा था, जबकि बच्चा भी बेहोश हो गया था।'' उन्होंने कहा कि बच्चे पर चिकित्सकों द्वारा नजर रखी जा रही है और यदि लड़के में जहर का कोई लक्षण दिखाई देता है तो फिर उसके हिसाब से इलाज शुरू किया जाएगा।

# लोकसभा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 17 सांसद 'संसद रत्न' से सम्मानित होंगे



### संसद रत्न पुरस्कार से नवाजे गए रवि किशन

**नयी दिल्ली :** सुप्रिया सुले (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार), रवि किशन (भारतीय जनता पार्टी), निशिकांत दुबे (भाजपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सहित 17 सदस्यों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न' सम्मान-2025 से सम्मानित किया जाएगा। इन सम्मानों में चार विशेष जूरी पुरस्कार भी शामिल हैं, जो लगातार तीन कार्यकालों में संसदीय लोकतंत्र में उनके निरंतर योगदान को मान्यता प्रदान करते हैं। विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब (भाजपा, ओडिशा), एन के प्रेमचंद्रन (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल), सुप्रिया सुले (राकांपा-एसपी, महाराष्ट्र), और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिव-सेना, महाराष्ट्र) को प्रदान किए जाएंगे। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाए रखा है। अन्य सम्मानित किये जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरण महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। समिति श्रेणी में, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्ट की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।







इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन
टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ


www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 जुलाई, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष तृतीया, 22:46 तक, नक्षत्र : मघा, 16:24 तक, योग : वरीघा, 27:07 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 07:17, चन्द्रास्त: 20:14, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 16:37 से 18:16

## साप्ताहिक : राशिफल
## 27-07-25 से 02-08-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों को अच्छे नतीजे मिलेंगे। आप अपने प्रिय के साथ किसी यात्रा पर जा सकते हैं। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा और सप्ताह की शुरुआत में आप अपने जीवन को खुशनुमा बनाने की कोशिश करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह समय अच्छा रहेगा। आप अपने काम में रच बस जाएंगे जिससे काम निखर कर सामने आएगा और आपको तारीफ मिलेगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। आप प्रेम जीवन बिता रहे हैं तो आपके लिए समय अच्छा रहेगा। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन रोमांस से भरपूर रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को मेहनत का नतीजा मिलेगा। आप डटकर मेहनत करेंगे, लेकिन इससे आपकी सेहत बिगड़ सकती है। व्यापार को बढ़ाने के लिए आने वाले समय में प्रयास करने जरूरी होंगे। इस सप्ताह आपको कोई भी बड़ा काम नहीं करना चाहिए बल्कि जैसा चल रहा है उसी स्थिति में ऐसे ही चलने दें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों को भी सुखद नतीजे मिलेंगे। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन आपसी समझदारी से व्यतीत होगा। यदि आप नौकरीपेशा लोग हैं तो आप अपनी मेहनत जारी रखें। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए सप्ताह बड़ा अच्छा है। गवर्नमेंट टेंडर मिलने से आपको फायदा मिल सकता है। सप्ताह की शुरुआत में आपको बढ़ती इनकम में फायदा मिलेगा। आपको अब परमानेंट इनकम के अलावा कोई एक साइड इनकम का भी स्रोत मिल सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। आपकी लव लाइफ बहुत अच्छी रहेगी। आप अपने प्यार को महसूस करेंगे और एक-दूसरे के साथ अच्छा खासा वक्त बिताएंगे। साथ में डिनर का प्लान भी कर सकते हैं। शादीशुदा लोगों के लिए यह सप्ताह सामान्य रूप से व्यतीत होगा। आप अपने रिश्ते की अहमियत को समझेंगे। नौकरीपेशा लोगों को काम में कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए केवल अपने काम पर ध्यान दें। व्यापारी वर्ग के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फल देने वाला होगा। यदि आप शादीशुदा हैं तो आपके गृहस्थ जीवन में तनाव कम होगा और आप ईमानदारी से अपना रिश्ता निभाएंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए काम करना सुखद एहसास होगा। आप अपने काम को पूरी तरह से ध्यान मग्न होकर करेंगे, जिसका आपको उचित फल मिलेगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए भी यह सप्ताह कुछ ना कुछ लेकर आएगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए काफी खूबसूरत रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोग अपने रिश्ते में मजबूती से आगे बढ़ेंगे। आप अपने प्रिय के साथ कहीं घूमने जाएंगे और एक रोमांटिक और खूबसूरत समय का आनंद लेंगे। आप किसी वाटर पार्क में भी जा सकते हैं। अपनों के साथ बारिश में भीगने का लुत्फ भी उठा सकते हैं। शादीशुदा लोगों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपसी समझ से रिश्ता बढ़िया रहेगा। आपका काम मजबूती से चलेगा और नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन मिलने के प्रबल योग बन जाएंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** आपके लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों को अपने रिश्ते को समझने में आसानी होगी। आप अपने प्रिय के साथ काफी वक्त बिताएंगे, आपकी शादी की बात पक्की हो सकती है। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन थोड़ी चुनौतियों के बीच आगे बढ़ेगा। आप अपनी गलतियों का भी अहसास करेंगे और चाहेंगे कि अपने साथी से क्षमा मांगें अगर आपने कुछ गलत किया हो तो। नौकरीपेशा लोगों को काम के अच्छे नतीजे मिलेंगे। आपके काम की प्रशंसा होगी।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** सप्ताह की शुरूआत से आप किसी मानसिक दबाव को लेकर आगे बढ़ेंगे, लेकिन किसी बात को लेकर दिल में हल्की-हल्की खुशी भी होगी। आप मुस्कुराएंगे भी और थोड़ी चिंता भी जताएंगे। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए यह सप्ताह बहुत कुछ देकर जाएगा। आपको अपने प्यार को अपना बनाने में सफलता मिलेगी। कुछ लोगों का विवाह के प्रबल संयोग बन सकते हैं। शादीशुदा लोग अपने रिलेशनशिप को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। यात्रा करने के लिए इस सप्ताह में मध्य का समय अच्छा रहेगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य तौर पर फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन बिता रहे लोगों के लिए समय अभी अच्छा नहीं चल रहा है, इसलिए सावधानी बरतनी चाहिए। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन अब थोड़ा सामान्य होगा। समस्याओं में कुछ कमी आएगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। आपको पदोन्नति मिल सकती है और आपको नई टीम की कमान भी सौंपी जा सकती है। व्यापारी वर्ग के लिए यह सप्ताह काफी उन्नतिदायक रहेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोग अपनी लव लाइफ को लेकर बहुत खुश होंगे और उसकी वजह भी है, कि आपके रिश्ते में प्यार और आकर्षण भरपूर रहेगा। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन कुछ खूबसूरत रहेगा। आप अपने रिश्ते मे पूरी तरह से प्यार से भरने की कोशिश करेंगे। आपकी बुद्धिमानी आपके बहुत काम आएगी, इससे आपकी नौकरी में आप को आगे बढ़ने में सफलता मिलेगी और आपके काम की तारीफ भी होगी।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन बिता रहे लोग अपने प्रिय से प्यार मजबूत होगा। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा। नौकरीपेशा लोग अपने काम का महत्व समझेंगे। लेकिन आपको अपने साथी कर्मचारियों से कुछ दिक्कत हो सकती है। उनसे सावधान रहें। व्यापारी वर्ग के लिए सप्ताह उत्तम रहेगा। आपका बिजनेस गति पकड़ेगा और आपको अच्छा मुनाफा होगा। घर-परिवार का वातावरण अच्छा रहेगा। परिवार वालों से प्रेम बढ़ेगा।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोग अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने की कोशिश करते हुए अपने प्रिय को शादी के लिए प्रपोज कर सकते हैं। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन को लेकर पूरे संतुष्ट और आश्वस्त नजर आएंगे। जीवनसाथी पूरी तरह से आप की देखभाल करेगा और आप अपने दांपत्य जीवन का आनंद लेंगे। नौकरी में आपको अच्छे नतीजे मिलेंगे और आपका काम बढ़िया चलेगा। जो लोग बिजनेस करते हैं उनकी परफॉर्मेंस में भी सुधार आएगा।

# बिहार में हालात भयावह हो गए हैं : चिराग ने कानून-व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार पर निशाना साधा

**पटना/गयाजी :** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शनिवार को दरार नजर आई। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राज्य सरकार पर अपराधियों के सामने ''नतमस्तक'' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें नीतीश कुमार सरकार का समर्थन करने पर दुख हो रहा है। इस टिप्पणी पर नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई और उसने लोजपा (रामविलास) अध्यक्ष चिराग पासवान से कहा कि ''पहले वह ये सुनिश्चित करें कि उनकी पार्टी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को पार्टी में शामिल न करे।'' भाजपा नीत राजग के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख के गयाजी जिले में एक रैली को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले पटना में पत्रकारों ने गयाजी में सामूहिक बलात्कार की घटना से जुड़ा सवाल पूछा। पासवान ने कहा, ''यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषियों को भले ही पकड़ लिया गया हो, लेकिन प्रशासन ऐसे अपराधों को रोकने में असमर्थ है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अपराधियों के सामने नतमस्तक है। स्थिति भयावह है और अफसोस होता है कि मैं एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा



हूं जो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ है। हमें ऐसी घटनाओं के पीड़ितों की पीड़ा के बारे में सोचना चाहिए।' पासवान की पार्टी का राज्य की द्विसदनीय विधायिका में कोई प्रतिनिधि नहीं है। हाजीपुर से सांसद पासवान ने रैली में अपना तीखा हमला जारी रखते हुए कहा, '1990 के दशक में अपराध अस्वीकार्य था, जब राज्य में राजद का शासन था और यह अब भी अस्वीकार्य होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मैं आपसे वादा करता हूं कि विधानसभा चुनाव के बाद अपराध को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा और अपराधी सलाखों के पीछे होंगे। नई सरकार बनेगी जो मेरे आदर्श वाक्य 'बिहार पहले, बिहारी पहले' पर काम करेगी।' पासवान ने कहा, 'मैं आपको एक नया बिहार देने का वादा करता हूं, लेकिन मैं अकेले कुछ नहीं कर सकता। मेरे सभी समर्थकों को पूरे राज्य में फैल जाना चाहिए और इतनी तेजी से काम करना चाहिए कि यह आभास हो कि यह चिराग पासवान ही हैं जो हर जगह चुनाव लड़ रहे हैं।' पासवान के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए जद (यू) प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, 'जो लोग राज्य में कानून और व्यवस्था के बारे में चिंतित हैं, उन्हें सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपनी पार्टी में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को शामिल न करें।'

### पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के चार आरोपी गिरफ्तार, गोवंश का मांस बरामद

**सहारनपुर :** देवबंद पुलिस ने मुठभेड़ में गोकशी के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो तमंचा, तीन कारतूस, गोवंश का मांस, खाल और गोकशी के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बताया कि शनिवार को थाना देवबंद को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मानकी में शमीम के घर में कुछ लोग गोकशी कर रहे हैं। इस सूचना पर थाने की पुलिस ने दबिश दी तो दो लोगों ने पुलिस पर गोलीबारी कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया जिनकी पहचान मोनू उर्फ शाहरुख और ताबिश के रूप में की गई है। साथ ही मौके से दो अन्य अभियुक्त शमीम और वसीम को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से गाय का मांस, खाल और गोकशी के उपकरण बरामद किए गए।

## झारखंड में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए



**गुमला :** झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सदस्य घाघरा थाना क्षेत्र के लावादाग में एकत्र हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस ने संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी बंद होने के बाद घटनास्थल से एक एके-47 और दो इंसास राइफल बरामद की गईं। झारखंड पुलिस के महानिरीक्षक (अभियान) माइकल एस. राज ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अभियान अभी भी जारी है। गुमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हारिस बिन जमान ने कहा, ''मृतकों में से एक की पहचान घाघरा के बेलागड़ा निवासी 32 वर्षीय दिलीप लोहरा के रूप में हुई है। अन्य दो मृतकों की पहचान करने की कवायद अब भी जारी है।'' उन्होंने बताया कि जेजेएमपी के सदस्य पिछले दो-तीन दिनों से लावादाग चोरलटवा गांव के पास एक घर में छिपे थे।

## यूपी में प्रधानमंत्री आवास के लिए 12 अरब 31 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 12 अरब 31 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली हैं। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि डबल इंजन (केंद्र और राज्य) सरकार प्रदेश में हर नागरिक को छत उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मिशन 2.0 के अंतर्गत 12 अरब 31 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस धनराशि का उपयोग शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने में किया जाएगा। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मिशन 2.0 की शुरुआत एक सितंबर 2024 को की गई थी। इस योजना का उद्देश्य सभी परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आवास निर्माण की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

## उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में युवक ने मंदिर में पूजा कर रही छात्रा को गोली मारी, हालत गंभीर

**मैनपुरी :** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में शनिवार सुबह मंदिर में पूजा कर रही 21 वर्षीय छात्रा को एक युवक ने गोली मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में पुलिस मुठभेड़ के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली थाने के प्रभारी फतेह बहादुर सिंह ने कहा, किला की बजरिया स्थित रानी का शिव मंदिर में सुबह करीब साढ़े आठ बजे यह घटना हुई। दिव्यांशी राठौर (21) पूजा कर रही थी, तभी उसी के इलाके का राहुल दिवाकर (24) ने उस पर गोली चला दी, जिससे दिव्यांशी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके पेट और अन्य जगहों पर गोली लगी है। हमले के बाद राहुल वहां से भाग गया। उन्होंने बताया कि दिव्यांशी को एक अस्प-ताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सिंह ने कहा, प्रथम दृष्टया यह एकतरफा प्यार का मामला प्रतीत होता है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि राहुल दिवाकर को पुलिस मुठभेड़ के बाद ओरांड्या मंडल गांव के पास गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि राहुल के पैर में गोली लगी है।

### उत्तर प्रदेश: पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त 10 युवतियों सहित 16 लोगों को गिरफ्तार किया

**कुशीनगर :** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पुलिस ने देह व्यापार से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो होटलों से 10 युवतियों सहित 16 लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि 'पर्ल' होटल और उत्सव मैरेज लान से इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि होटल संचालक नवीन सिंह सुविधाएं मुहैया कराने के लिए ग्राहकों से पैसे लेता था और पुलिस की सूचना देने के लिए होटल में कर्मचारी भी तैनात किया हुआ था। उन्होंने बताया कि नवीन सिंह और सीपीएन राव इस संगठित नेटवर्क को चला रहे थे तथा इन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं और अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि 10 युवतियों (विभिन्न शहरों की) के अलावा गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान श्याम वर्मा (23), अर्पित सिंह (18), अमित सिंह (19), धीरज (22), राजन कुमार यादव (28) और अनिल (19) के रूप में हुई है।

### झारखंड में चेकडैम में नहाते समय चार युवक डूबे

**सरायकेला (झारखंड) :** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में शनिवार को एक छोटे बांध (चेकडैम) में नहाते समय चार युवकों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन युवकों की उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच है। यह घटना आमदा पुलिस चौकी के अंतर्गत दराईकेला पंचायत क्षेत्र में हुई। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि दराईकेला नाले में नहाते समय चेकडैम के गहरे पानी में चले जाने से ये युवक डूब गये। शवों को बाहर निकाला गया और यहां सदर अस्पताल ले जाया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि युवकों की पहचान गौरव मंडल (18), हरिवंश दास (20), सुनील साव (20) और मनोज साव (20) के रूप में हुई है। ये चारों युवक खरसावां थाना क्षेत्र के दराईकेला गांव के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, कुल छह युवक चेकडैम में नहाने गए थे, लेकिन उनमें से दो पानी के तेज बहाव के डर से बाहर ही रहे। बाहर खड़े दो अन्य युवकों ने उनके साथियों के वापस नहीं आने पर लोगों को इस बात की जानकारी दी। पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के साथ ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित करने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया।

## आधुनिक भारत के निर्माण में बड़ी उपलब्धि साबित होगा एआई विश्वविद्यालय: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ/उन्नाव :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में एआई विश्वविद्यालय एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में स्थापित देश के पहले निजी 'एआई-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी' विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह विश्वविद्यालय आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। योगी ने उन्नाव की साहित्यिक, सांस्कृतिक और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाली विरासत को याद करते हुए कहा, यह नया विश्वविद्यालय तकनीकी प्रगति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने का केंद्र बनेगी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय भारत के 'एआई मिशन' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार है तथा उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले



जाने में सहायक होगा। योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा, आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारवान शिक्षा ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि छात्रों को जीवन में अनुशासन, गुरुजनों के मार्गदर्शन और समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा, यह विश्वविद्यालय न केवल आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि पुरातन भारतीय ज्ञान परंपरा और नवीनतम तकनीकी शिक्षा का संगम भी प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थानों की अब तक की सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि उन्होंने स्वयं को एक सीमित दायरे में रखा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि अकादमिक संस्थानों को अब केवल पढ़ाई के केंद्र नहीं, बल्कि करियर मार्गदर्शन और जीवन निर्माण के मंच के रूप में कार्य करना होगा। योगी ने कहा कि संस्थान का परिसर केवल अध्ययन का स्थान नहीं बल्कि विद्यार्थियों को सही दिशा देने, योजनाओं से जोड़ने और उद्योगों के अनुकूल कौशल विकसित करने का माध्यम बनना चाहिए।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी जिले में 650 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू कीं

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मधुबनी जिले में करीब 650 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू कीं। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में प्रतिष्ठित जानकी मंदिर के प्रस्तावित पुनर्विकास स्थल का भी निरीक्षण किया, जिसे देवी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार मधुबनी जिले के लौकही में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक बड़े रोड शो के दौरान बुनियादी ढांचों और पर्यटन से संबंधित परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। रोड शो हेलीपैड से शुरू होकर कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ। बयान में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री ने खजौली-जयनगर रेलवे स्टेशनों के बीच 178 करोड़ रुपये



की लागत से एक सड़क ओवर ब्रिज (आरओबी) समेत एक पहुंच मार्ग और एक रेलवे फाटक के निर्माण की आधारशिला रखी।'' उन्होंने कई परियोजनाएं भी आरंभ की, जिनमें जल संसाधन विभाग की पुरानी कमलाधार और जीवछ-कमला नदियों के पुनरुद्धार कार्य (264.93 करोड़ रुपये), सिंचाई और बाढ़ शमन को बढ़ाने के उद्देश्य से पुरानी कमला और जीवछ-कमला नदियों पर चार बैराज और संबंधित संरचनाओं का निर्माण (161.08 करोड़ रुपये) और मधुबनी नगरपालिका क्षेत्र में शहरी विकास और आवास विभाग के तहत एक अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण (14.53 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इसके अलावा, कुमार ने हरलाखी के फुलहर में 31.13 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए एक परियोजना की भी शुरुआत की।

## संभल में कांवड़ यात्रा देखने आये दो दलित युवकों को खंभे से बांधकर पीटा, मामला दर्ज

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में उग्र भीड़ ने कांवड़ यात्रा देखने आए अनुसूचित जाति (एससी) के दो युवकों को चोर होने के संदेह में खंभे से कथित तौर पर बांधकर पीटा। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित की मां की शिकायत पर पांच लोगों को नामजद और करीब एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। नखासा थाना प्रभारी निरीक्षक (एसए-चओ) रजनीश कुमार ने बताया कि घटना 22 जुलाई को उस समय हुई, जब नाहर ढेर गांव का रहने वाला सुंदर (20) अपने रिश्तेदार सन्नी (22) के साथ संभल में कांवड़ यात्रा देखने गया था। उन्होंने बताया कि शिकायत में आरोप लहाया गया कि रास्ते में बढ़ई वाली बस्ती गांव में कुछ लोगों ने दोनों युवकों को चोर होने के संदेह में पकड़ लिया और खंभे से बांध कर बुरी तरह पीटा। अधिकारी ने बताया कि दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और मामले में शिकायत के आधार पर पांच नामजद और करीब एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## वर्ग पहेली नं. 3165

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | 14 | ■ | | ■ | 15 | ■ | 16 | | |
| ■ | 17 | 18 | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| ■ | 21 | | | | ■ | | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | 25 | | ■ | | ■ | 26 | |
| | ■ | 27 | | | | ■ | 28 | | ■ |

➲ *बायें से दायें:-* 1) कुरबानी, 3) अनुभव, 6) मुसलमानी धर्म-सूत्र, 7) वैमनस्य; ईर्ष्या, 9) आद्योपांत; संपूर्ण, 11) सूँघने का इंद्रिय, 13) प्रतीक्षा; आशा, 16) निराश; उदास, 17) रास्ता, 19) उपवास, 21) निपटारा; समाप्ति, 22) घाटा, 23) आसान, 24) अ आ ई, 25) वीर, 26) भुजा; आस्तीन, 27) दो में से एक; दूसरा, 28) रिश्वत.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) शाप, 2) भोज का निमंत्रण, 3) पेंदा, 4) तरल पदार्थ को ठोस बनाना, 5) हाथ *(ताश)*; मौका, 6) धुँधला; अल्प, 8) दृष्टिपात, 10) विवादातीत; प्रचलित, 12) धनुष, 14) संपूर्णतः, 15) एक राशि, 18) कुली, 19) अविराम, 20) लजाना, 23) शिक्षा पाठ; दंड, 25) कुछ नहीं; रहित. 26) तिनके के जाति का एक लंबा, सीधा और गिरहदार पौधा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | रा | ग | ■ | द | र | मि | या | न |
| र | ■ | ह | र | द | म | ■ | स | च | ■ |
| सा | त | ■ | मा | ■ | द | ल | ■ | ना | ती |
| ■ | र | ■ | ग | र | मा | ह | ट | ■ | र्थ |
| रा | ह | गी | र | ■ | ■ | क | प | ट | ■ |
| ■ | ■ | द | म | दा | र | ■ | का | र | ण |
| अ | क | ड़ | ■ | मि | ■ | गु | ट | ■ | ■ |
| ■ | मी | ■ | प | नी | र | ■ | प | ना | ला |
| सी | ना | ज़ो | री | ■ | त | ह | की | का | त |

## सुडोकू-पहेली-3122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | 4 | | | 6 |
| | 5 | | 8 | | | | | |
| | | | 6 | | | | 2 | |
| 1 | 9 | | | | | | | |
| | | | | | | 5 | | 8 |
| 3 | 7 | 5 | | | | 2 | | |
| 9 | 8 | | | | | | | 1 |
| | | | | | 3 | 4 | | |
| 6 | | | | 8 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3121 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 |

# राज्य में चुनाव आयोग ने शुरू किया बीएलओ का प्रशिक्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग ने राज्य में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कवायद को लेकर जहां एक ओर इसे मतदाता सूची के विशेष संशोधन की दिशा में प्रारंभिक कदम माना जा रहा है, वहीं तृणमूल कांग्रेस ने इसे एक 'राजनीतिक साजिश' करार दिया है और दावा किया है कि बंगाल में इस तरह के प्रयास सफल नहीं होंगे। चुनाव आयोग ने हाल ही में राज्य सरकार को एक पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि बीएलओ और उनके पर्यवेक्षकों को मिलने वाले भत्तों में वृद्धि की जाए। आयोग ने कहा है कि वर्ष 2015 में निर्धारित राशि को संशोधित कर बीएलओ के लिए वार्षिक 12 हजार और पर्यवेक्षकों के लिए 18 हजार का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, आयोग ने 'विशेष अभियान' के तहत अतिरिक्त दो हजार की 'इनटेंसिव' व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया है। हालांकि, आयोग की चिट्ठी में 'विशेष अभियान' की स्पष्ट व्याख्या नहीं दी गई है, जिससे इस पर तरह-तरह की अटकलें लग रही हैं। शनिवार को कोलकाता के नजरूल मंच में आयोजित कार्यक्रम में नदिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा मुर्शिदाबाद जिलों के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। आयोग का कहना है कि यह एक नियमित प्रक्रिया है और चुनाव से पहले बीएलओ को प्रशिक्षित करना आवश्यक होता है, खासकर जब इस बार संविदा कर्मियों को चुनावी प्रक्रिया में लगाने की अनुमति नहीं है। इस कारण बड़ी संख्या में नए बीएलओ की नियुक्ति हुई है, जिनके लिए प्रशिक्षण और भी जरूरी हो गया है।

**❑ तृणमूल कांग्रेस ने आयोग की मंशा पर उठाए सवाल**

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इस प्रक्रिया को लेकर गहरी आशंका जताई है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने कहा कि चुनाव आयोग अन्य राज्यों की तरह बंगाल में भी भाजपा की मदद करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन यहां ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि राज्य के हर बूथ पर तृणमूल का संगठित नेटवर्क मौजूद है। हर वैध मतदाता से हमारा सीधा संपर्क है। बंगाल में यह षड्यंत्र सफल नहीं होगा क्योंकि तृणमूल के कार्यकर्ता हर बूथ पर डटे रहेंगे।

## सीईओ कार्यालय के स्थानांतरित की मांग पर मुख्य चुनाव अधिकारी ने मुख्य सचिव को भेजा पत्र

राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने राज्य के सीईओ कार्यालय को बामलॉरी बिल्डिंग से स्थानांतरित करने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, मौजूदा कार्यालय की जगह अब विभाग की बढ़ती गतिविधियों और कर्मचारियों की संख्या के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी को देखते हुए सीईओ कार्यालय ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को पत्र लिखकर इस मामले में आवश्यक हस्तक्षेप की मांग की है। सीईओ ने कार्यालय स्थानांतरण के मुद्दे पर मीडिया को बताया कि मुख्य सचिव को पत्र भेजा गया है और विभाग जल्द से जल्द एक उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित होना चाहता है। हालांकि, यह स्थानांतरण एसआईआर से जुड़ा है या नहीं, इस पर उन्होंने सीधे कोई टिप्पणी नहीं की। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों की संख्या बढ़ने से मौजूदा परिसर में पार्किंग और अन्य संचालन संबंधी दिक्कतें आ रही हैं, जिसके कारण स्थानांतरण आवश्यक हो गया है।

# बंगाल में भी एसआईआर जरूरी, नहीं तो बन जाएगा 'पश्चिमी बांग्लादेश' : समिक भट्टाचार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच अब पश्चिम बंगाल से भी इस प्रक्रिया की मांग उठने लगी है। राज्य भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा है कि बंगाल में भी एसआईआर आवश्यक है, अन्यथा स्थिति चिंताजनक रूप ले सकती है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में कानून व्यवस्था और जनसंख्या संतुलन जैसे मुद्दों पर गंभीर संकट खड़ा हो रहा है। अगर ममता बनर्जी कहती हैं कि राज्य विकास की राह पर है, तो फिर इतनी बड़ी संख्या में लोग पलायन क्यों कर रहे हैं? उन्होंने यह सवाल उठाते हुए कहा कि मालदह जिला देश में नकली मुद्रा के प्रसार का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है और यहां से कुल फेक करंसी का 72 फीसदी हिस्सा आता है। भट्टाचार्य ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते वोटर लिस्ट की गहन जांच नहीं की गई, तो बंगाल की स्थिति भयावह हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार की सामाजिक संरचना बनती जा रही है, वह हमें मध्ययुगीन समय की याद दिलाती है। बहुसंख्यक समुदाय की एकता खतरे में है।

# मुख्यमंत्री 31 जुलाई को नेताजी इंडोर में पूजा कमेटियों के साथ करेंगी बैठक

## ममता दुर्गा पूजा का अनुदान बढ़ाकर कर सकती हैं एक लाख रुपये



**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गोत्सव में मात्र दो महीने का समय है और महानगर के तमाम दुर्गा पूजा कमेटियों के द्वारा थीम पूजा के लिए मंडपों का निर्माण कार्य शुरु भी हो गया है। यू कहे कि पूरे राज्य में दुर्गा पूजा की तैयारियां अभी से ही ज़ोरों पर हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दुर्गा पूजा कमेटियों के अनुदान सहित कई विषय पर 31 जुलाई को नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक करेंगी। सूत्रों की माने तो ममता इस साल दुर्गा पूजा कमेटियों के अनुदान में वृद्धि कर सकतीं है। पूजा कमेटियों का अनुदान एक लाख रुपए किया जा सकता है जो कि वर्ष 2024 में 85 हजार था। इस बैठक में राज्य सरकार के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी, कोलकाता नगर निगम के प्रतिनिधि, अग्निशमन विभाग, सीईएससी, पुलिस, स्वास्थ्य और परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कोलकाता और ज़िलों की हज़ारों पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को भी इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष की बैठक का एक अनूठा पहलू यह होगा कि इसमें विभिन्न धार्मिक समुदायों यानी हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सम्प्रदाय से दो-दो प्रतिनिधि शामिल होंगे, जो ममता बनर्जी के दुर्गा पूजा को सर्वजनीन उत्सव यानी सभी समुदायों का त्योहार मानने के दृष्टिकोण पर ज़ोर देंगे। मुख्यमंत्री द्वारा पर्यावरण के अनुकूल पूजा पद्धतियों पर ज़ोर दिए जाने की संभावना है, जिसमें मूर्तियों में हरित सामग्री का उपयोग और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कड़े उपाय शामिल हैं।

# वायरल वीडियो मामले में दिलीप घोष ने की साइबर क्राइम शाखा में शिकायत

**कोलकाता :** एक कथित आपत्तिजनक वीडियो को लेकर पश्चिम बंगाल की राजनीति में हड़कंप मच गया है। इस वीडियो में भाजपा नेता और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष का नाम जोड़ा जा रहा है। अब इस मामले को लेकर दिलीप घोष ने कोलकाता पुलिस के लालबाजार स्थित साइबर क्राइम विभाग में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। दिलीप घोष ने क्राइम ब्रांच के संयुक्त आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो की गंभीर जांच की जाए और इसके पीछे के स्रोत या षड्यंत्रकारी व्यक्तियों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**शिकायती पत्र में दिलीप घोष ने लिखा है :** मेरे खिलाफ साजिश रची गई है। मेरी राजनीतिक छवि को धूमिल करने के इरादे से एक मनगढ़ंत वीडियो को सोशल मीडिया पर जानबूझकर फैलाया गया है। इसकी तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस बीच, दिलीप घोष के करीबी सूत्रों का कहना है कि वीडियो में दिख रहे व्यक्ति दिलीप घोष नहीं हैं और यह वीडियो फर्जी है। उनका दावा है कि यह पूरी तरह एक सोची-समझी साजिश है, जिससे दिलीप घोष की राजनीतिक साख को नुकसान पहुंचाया जा सके। अब सवाल यह है कि अगर वह वीडियो दिलीप घोष का नहीं है, तो फिर इसे कौन फैला रहा है? इस साज़िश के पीछे कौन-से चेहरे छिपे हैं? इन सवालों का जवाब जानने के लिए अब दिलीप घोष ने कानून का सहारा लिया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी।

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म : फोरेंसिक रिपोर्ट से 3 आरोपियों के शामिल होने की पुष्टि

## अब तक 60 गवाहों के बयान दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के लॉ कॉलेज में हुए दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों के शामिल होने की पुष्टि हो गई है। फोरेंसिक रिपोर्टों ने मामले में तीन आरोपियों की संलिप्तता की पुष्टि की है, जिनमें से एक अपराधी और दो उसके सहायक है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पहली फॉरेंसिक रिपोर्ट तीन मुख्य आरोपियों में से एक मनोजीत मिश्रा के मोबाइल नंबर पर आधारित है। मनोजीत मिश्रा पर ही दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। सिटी पुलिस अधिकारी ने कहा कि मनोजीत के मोबाइल फोन के फोरेंसिक विश्लेषण से हमें न केवल पिछले महीने लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के बारे में बल्कि अतीत में उसकी ओर से किए गए इसी तरह के यौन शोषण के आरोपों के बारे में भी निश्चित सुराग मिले हैं। दूसरी फोरेंसिक रिपोर्ट अपराध स्थल से एकत्र किए गए रक्त के नमूनों से संबंधित है, विशेष रूप से लॉ कॉलेज के गार्ड रूम से। सिटी पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस रिपोर्ट से हमें मिश्रा और दो अन्य आरोपियों जैब अहमद और प्रमित मुखोपाध्याय की अपराध में संलिप्तता के बारे में ठोस सुराग मिले हैं। सरल शब्दों में कहें तो इन दोनों फोरेंसिक रिपोर्टों में मुख्य आरोपी के खिलाफ मामला ठोस बनाने के लिए पर्याप्त सामग्री है। जांच टीम ने इस मामले में अब तक 60 गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। उनके बयानों के अलावा लॉ कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में भी कई अहम सुराग मिले हैं। इससे आरोपियों के खिलाफ एक ठोस मामला बनाने में मदद मिली है। बता दें कि इस सप्ताह पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की चाल-ढाल का विश्लेषण किया। इससे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज आरोपियों की शारीरिक भाषा से मिलान करने में मदद मिली।


**जल आपूर्ति के लिए वाल्वों का रखरखाव और परिचालन**

**ई-निविदा सूचना संख्या : 67/W-2/APDJ, दिनांक : 24-07-2025**; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या : 24-AP-III- 2025; कार्य का नाम :** एसएसई/डब्ल्यू/हासिमारा के अंतर्गत एडीईएन/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जंक्शन और एसएसई/डब्ल्यू/मालबाजार के अंतर्गत एडीईएन/मालबाजार के अधिकार क्षेत्र में 12 महीने के लिए स्टेशन और कॉलोनी में जलापूर्ति के लिए वाल्वों का रखरखाव और परिचालन तथा आयरन रिमूवल प्लांट और इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर का रखरखाव। **निविदा मूल्य :** ₹94,30,554.84/-; **अग्रिम राशि :** ₹1,88,600/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **14-08-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

**डीआरएम (डब्ल्यू), अलीपुरद्वार जंक्शन**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### कोलकाता समेत राज्य भर में 31 जुलाई तक भारी वर्षा का अनुमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में पिछले दो दिनों से भारी बारिश जारी है, जिसके परिणामस्वरूप कई इलाकों में लंबे समय तक जलभराव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने शनिवार को 31 जुलाई तक पूरे पश्चिम बंगाल में व्यापक वर्षा का अनुमान जताया है। रविवार को बारिश की तीव्रता थोड़ी कम होगी, लेकिन पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरी बंगाल की खाड़ी में एक और निम्न दाब क्षेत्र बनने की संभावना के कारण सोमवार से बारिश तेज हो जाएगी। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिम बंगाल तट से दूर निम्न दाब क्षेत्र पिछले छह घंटों में 25 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ा है। अगले 24 घंटों में दक्षिण बंगाल में गरज के साथ बारिश जारी रहेगी।

## डी बापी के मालिक को एक महीने के अंदर दूसरा धमकी भरा फोन, एक आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर के मशहूर बिरयानी व्यापारी बापी दास एक बार फिर बदमाशों के निशाने पर हैं। कुछ दिन पहले उन्हें एक धमकी भरा फोन आया था। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अनीस झा है। उसे गत शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि बीते माह जून में व्यापारी के बेटे अनिर्बन दास को 20 लाख रुपये रंगदारी की मांग पर एक धमकी भरा फोन आया था। आरोप है कि धमकी भरे फोन में कहा गया था कि अगर व्यापारी ने पैसे नहीं निकाले तो उसका भी वही हाल होगा जो बेलघरिया के व्यापारी का हुआ था। यानी, बेलघरिया के व्यापारी अजय मंडल की तरह उसकी बिरयानी की दुकान पर भी फिर से गोलीबारी होगी। डर के मारे व्यापारी ने खुद को घर में नजरबंद रखा। उस समय पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन शुरुआत में किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। महीना बीतने से पहले ही उनके पिता को एक और धमकी भरा फोन आया। मशहूर बिरयानी दुकान के मालिक बापी दास ने फोन आने के तुरंत बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। इस घटना में अनीस झा नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# महेशतला में दिल दहला देने वाली घटना, बेटे पर मां को जिंदा जलाने का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला में एक वृद्ध महिला को कथित रूप से जिंदा जलाकर मार देने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान बिजली घोष (80) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने के आरोप में उनके बेटे संजय घोष (50) को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बिजली देवी अपने बेटे संजय के साथ अकेले ही रहती थीं। उनके पति मृत्युंजय घोष का निधन कई साल पहले हो चुका था। संजय मानसिक रूप से अस्थिर है। पड़ोसियों का कहना है कि वह पहले भी कई बार अपनी मां पर अत्याचार कर चुका था। कुछ समय पहले उसने बिजली देवी के सिर पर गंभीर चोट भी पहुंचाई थी। कई बार पुलिस ने आकर संजय को चेतावनी दी थी, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया। शुक्रवार को पूरे दिन बारिश होती रही। शाम होते-होते इलाका लगभग सुनसान हो गया था। रात में बिजली देवी के घर से धुआं निकलते देखकर स्थानीय लोग सतर्क हुए। कुछ लोगों ने बताया कि सुबह से ही एक अजीब की गंध आ रही थी। जब लोग घर के पास पहुंचे, तो देखा कि घर के दरवाजे और खिड़कियां पूरी तरह बंद हैं और अंदर से धुआं निकल रहा है। स्थानीय निवासियों ने तुरंत महेशतला थाने और बजबज फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। वहां बिजली देवी का जला हुआ शव बिस्तर पर पड़ा मिला, जबकि संजय पास के कमरे में लेटा हुआ मिला। पुलिस ने तुरंत वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और संजय को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक जांच में संदेह जताया जा रहा है कि संजय ने ही अपनी मां को जिंदा जलाकर हत्या की है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**सिगनल एवं दूर संचार विभाग**

**निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी वरि. मं.सं.इंजी. (सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यो "Tender No. Kota / SNT/SIG/2024/16, Kota/SNT/SIG /2025/23-A-B के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं टेबल मे दर्शाया गया है। निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेन्डर सं.: कोटा/एसएण्डटी/सिग./2024/16, कार्य का नाम :** कोटा डिवीजन – रिप्लेसमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम ऑफ वार्म स्टेण्डबाय एण्ड इन्डोर सिंगनलिंग गियर्स ऑन एज कम कन्डीशन बेसिस एट धोरमुई जघीना (डीयूएम) ऑन कोटा डिवीजन।, **कार्य का अनुमानित लागत : Rs. 32078123.80, बयाना राशि : Rs. 310400, तारिख एवं समय :** दिनांक 21.08.2025 को 15:00 बजे तक, **टेन्डर सं.: कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/23-A-B, कार्य का नाम :** कोटा डिवीजन–एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन ऑफ इंटरलॉकिंग ऑफ नॉन–इंटरलाकड एलसी गेट हेविंग टीवीयू मोर देन 20000 ऑन कोटा डिवीजन (एलसी 13 ऑन गुडला–तालेडा सेक्शन) कोटा डिवीजन– एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन ऑफ इंटरलॉकिंग ऑफ नॉन–इंटरलॉक्ड एलसी गेट हेविंग टीवीयू मोर देन 20000 ऑन कोटा डिवीजन (एलसी 43 एण्ड एलसी 45 ऑन कोटा– चित्तौड़ सेक्शन), **कार्य का अनुमानित लागत : Rs. 13274621.30, बयाना राशि : Rs.216400, तारीख एवं समय :** दिनांक 21.08.2025 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाईट **https:ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा–बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है ओर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई–टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता)

वरि.मं.सं एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)

पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## पलाशीपाड़ा में अवैध हथियारों के साथ एक युवक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के पलाशीपाड़ा थाने की पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक के पास से कई अवैध आग्नेयास्त्र बरामद किए गए। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि युवक ने इतने सारे आग्नेयास्त्र क्यों जमा किए थे? गिरफ्तार व्यक्ति का नाम राजू दफादार है। वह बर्निया रतनपुर का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की रात करीब 10 बजे विजयनगर के झूलतला इलाके में एक युवक संदिग्ध रूप से घूम रहा था। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने जब युवक का पीछा किया, तो उसके पास से सात एमएम की एक पिस्तौल और दो राउंड गोलियां बरामद की गईं। युवक इन आग्नेयास्त्रों के कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक के खिलाफ थाने में पहले से कई शिकायतें हैं। उस पर इलाके में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप है। उसे शनिवार को तेहट्टा उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस इस बात की जांच करेगी कि बंदूक कहां से आई और क्या उसके पास कोई और बंदूक है।

## कोलकाता एयरपोर्ट का होगा विस्तार, पुराने डोमेस्टिक टर्मिनल को तोड़कर बनेगा नया अंतरराष्ट्रीय हब

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वी भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अब एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एयरपोर्ट प्रशासन पुराने घरेलू टर्मिनल को पूरी तरह ध्वस्त कर एक आधुनिक अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल का निर्माण करने जा रहा है। इस विस्तार के साथ एयरपोर्ट की कुल यात्री वहन क्षमता 26 मिलियन (2.6 करोड़) से बढ़कर 45 मिलियन (4.5 करोड़) तक पहुंच जाएगी। नई टर्मिनल पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए समर्पित होगा और इसे आधुनिक (यू )आकार की संरचना में बनाया जा रहा है। इसे इस प्रकार डिजाइन किया जाएगा कि आने वाले दशकों में बढ़ती अंतरराष्ट्रीय यात्री मांग को आसानी से संभाला जा सके।

एयरपोर्ट के निदेशक डॉ. प्रभात रंजन बेउरिया ने शनिवार को बताया कि वर्तमान टर्मिनल 2,22,973 वर्ग मीटर में फैला है और हर घंटे लगभग 8,460 यात्रियों (5,500 घरेलू और 2,960 अंतरराष्ट्रीय) को संभालने की क्षमता रखता है। लेकिन मौजूदा ढांचा अब तेजी से अपनी सीमा तक पहुंच रहा है। इसलिए नए टर्मिनल का निर्माण समय की मांग है। जब तक नया टर्मिनल पूरी तरह तैयार नहीं हो जाता, तब तक अंतरराष्ट्रीय सेक्शन में 5,600 वर्ग मीटर (3,000 स्क्वायर मीटर डिपार्चर और 2,600 स्क्वायर मीटर अराइवल) का विस्तार किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के साल के अंत तक पूरा हो जाने की उम्मीद है, जिससे एयरपोर्ट की कुल सालाना क्षमता 28 मिलियन तक पहुंच जाएगी।

लगभग एक दशक से बंद पड़ा पुराना घरेलू टर्मिनल, जिसे कोविड के दौरान क्वारंटीन सेंटर और जांच केंद्र के रूप में उपयोग किया गया था, अब पूरी तरह तोड़ा जाएगा। यहां से हज यात्राओं का संचालन भी होता रहा है। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एमएसटीसी लिमिटेड को ठेका दिया गया है, जो पुराने ढांचे के स्क्रैप की नीलामी करेगी। टर्मिनल तोड़ने की प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा और संचालन को प्रभावित न होने देने के लिए पुराने टर्मिनल और एप्रन एरिया के बीच एक दीवार बनाई जाएगी और हज यात्रियों की आवाजाही के लिए आवश्यक गलियारा भी सुरक्षित रखा गया है।

## गेस्ट हाउस, होटल या लॉज... अब बिना पहचान पत्र के ठहरने पर नहीं मिलेगी इजाजत

### कोलकाता पुलिस ने जारी किया सख्त एसओपी

**कोलकाता :** शहर में गेस्ट हाउस, होटल और लॉज की बढ़ती संख्या को देखते हुए कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनज़र एक सख्त एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) लागू किया है। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट कर दिया है कि अब किसी भी अतिथि को बिना वैध पहचान पत्र के ठहरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही, हर अतिथि की जानकारी स्थानीय थाना को देना अनिवार्य किया गया है। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि यह देखा जा रहा है कि कई गेस्ट हाउस नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। कुछ मामलों में गेस्ट हाउस अपराधियों के शरणस्थल बन चुके हैं, वहीं कुछ जगहों पर आत्महत्या जैसे गंभीर मामलों की भी घटनाएं सामने आई हैं। कमिश्नर ने कहा, हर एक गेस्ट हाउस, होटल और लॉज को हमारा एसओपी पूरी तरह पालन करना होगा। जो प्रतिष्ठान पुलिस को जानकारी नहीं दे रहे, उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हम पूरे सिस्टम की समीक्षा (रिव्यू) कर रहे हैं, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अब हर गेस्ट हाउस और होटल की निगरानी बढ़ा रही है और सभी से अपील की है कि एसओपी का पालन अनिवार्य रूप से करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# बंगाल में डूबने से हर दिन 25 की मौत, आधे पीड़ित बच्चे : रिपोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में हर दिन औसतन 25 लोग पानी में डूबकर जान गंवा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से आधे पीड़ित बच्चे हैं। विश्व जल डूब रोकथाम दिवस के मौके पर जारी नये अध्ययन में राज्य में डूबने से होने वाली मौतों की भयावह सच्चाई को उजागर किया गया है। यह अध्ययन जॉर्ज इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ ने किया है, जिसे देश में अब तक का सबसे बड़ा सामुदायिक स्तर का डूबने संबंधी सर्वे बताया गया है। इस अध्ययन में राज्य के सभी 23 जिलों की 1.80 करोड़ की आबादी को कवर किया गया और करीब 15 हजार समुदाय के लोगों से जानकारी जुटाई गई। शुक्रवार की रात जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में हर साल औसतन 9,191 लोग डूबकर जान गंवाते हैं, जो पहले के आधिकारिक आंकड़ों से तीन गुना ज्यादा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि डूबने से मरने वालों में सबसे अधिक जोखिम एक से 9 साल के बच्चों को है। अकेले एक से दो साल के बच्चों में खतरा 30 प्रतिशत ज्यादा होता है। चौंकाने वाली बात यह है कि ज्यादातर हादसे दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच और घर से महज 50 मीटर के दायरे में होते हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि 93 प्रतिशत मामलों में बच्चे उस वक्त डूबे जब आसपास कोई वयस्क मौजूद नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकांश मामलों में बचाव के प्रयास या तो नहीं हुए या फिर बेहद गलत तरीके से किए गए। कई मामलों में उल्टी कराना या बच्चे को उल्टा घुमा देना जैसे अवैज्ञानिक उपाय अपनाए गए। केवल 10 प्रतिशत पीड़ितों को सही तरीके से सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया गया और केवल 12 प्रतिशत मामलों में चिकित्सकीय सहायता ली गई। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि तालाबों और जलाशयों के आसपास बाड़ लगाने जैसे उपाय छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। इसके अलावा, सामुदायिक स्तर पर सीपीआर और बचाव प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए क्योंकि 90 प्रतिशत मामलों में पहला रेस्पॉन्डर कोई आम ग्रामीण ही होता है। इसके साथ ही बच्चों को तैराकी की प्रारंभिक ट्रेनिंग भी दीर्घकालिक समाधान के तौर पर सामने आया है। यह अध्ययन ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपीज़ के सहयोग और चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट (सीआईएनआई) के साथ मिलकर किया गया है।

### हिंगलगंज में सास-बहू की तालाब में एक साथ डूबने से मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज थाना अंतर्गत साहेबखाली ग्राम पंचायत के देउली गांव में एक तालाब ने सास और बहू दोनों की जिंदगी लील ली। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहू राखी मंडल (21) घर के पास स्थित तालाब के किनारे एक लकड़ी की सीढ़ी पर बैठकर हाथ-पैर धो रही थी। तभी, उसका पैर फिसला और वह सीधे गहरे पानी में जा गिरी। पानी में छटपटाती राखी की चीख-पुकार सुनकर सास षष्ठी मंडल (60) बहू को बचाने के लिए तालाब में कूद पड़ीं। लेकिन, दुर्भाग्यवश दोनों ही तैरना नहीं जानती थीं। देखते ही देखते वे दोनों पानी में समा गईं। जब काफी देर तक दोनों नजर नहीं आईं, तो परिजनों और गांववालों को अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तालाब में जाल डाला, और कुछ देर की मशक्कत के बाद दोनों के शव पानी से बाहर निकाले गए। घटना की सूचना मिलते ही हिंगलगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों को पहले स्थानीय नौ नंबर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# राज्यपाल राज्य विश्वविद्यालयों पर नियंत्रण के लिए जाएंगे न्यायालय

## राज्यपाल द्वारा बुलाई गैई बैठक में केवल नौ कुलपतियों ने लिया भाग, अधिकांश रहे अनुपस्थित

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च शिक्षा प्रशासन को लेकर राज्य सरकार और राजभवन के बीच चल रही खींचतान को और बढ़ाते हुए राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने शनिवार को कहा कि वह उच्चतम न्यायालय से इस बारे में स्पष्टता मांगने की योजना बना रहे हैं कि राज्य विश्वविद्यालयों पर अंतिम अधिकार कुलाधिपति (राज्यपाल) के पास है या राज्य सरकार के पास। यह कदम शनिवार को बोस और राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों (वीसी) के बीच राजभवन में हुई बैठक के बाद उठाया गया है। यह बैठक राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में नौ कुलपतियों ने भाग लिया, जबकि अधिकांश अन्य अनुपस्थित रहे। बैठक में शामिल न होने वाले कई कुलपतियों ने दावा किया कि उन्हें उच्च शिक्षा विभाग की ओर से



अवरोधों का सामना करना पड़ा, जबकि अन्य ने आरोप लगाया कि उनका घेराव किया गया या परिसर में उन्हें प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। कुछ ने अपनी अनुपस्थिति का कारण बताने के लिए राज्यपाल से मिलने का समय मांगा। राजभवन के सूत्रों का कहना है कि अनुपस्थिति को हल्के में नहीं लिया गया है। बोस ने राजभवन में संवाददाताओं को बताया कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। कुलाधिपति की भूमिका क्या है या सरकार की? यह तय करने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया जाएगा कि राज्य विश्वविद्यालयों पर अंतिम अधिकार किसके पास है – कुलाधिपति (राज्यपाल) के या राज्य सरकार के। बैठक में डिजिटल सुधारों और जनशक्ति की कमी से लेकर एनईपी 2020 के कार्यान्वयन और साइबर सुरक्षा और मादक पदार्थों की लत के बारे में जागरूकता तक व्यापक एजेंडा था।

# 'अपराजिता बिल' से लोगों का ध्यान भटकाने का काम हो रहा : अधीर चौधरी

**मुर्शिदाबाद :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस द्वारा 'अपराजिता बिल' राज्य सरकार के पास विचार के लिए वापस भेजे जाने पर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने 'अपराजिता बिल' को लेकर ममता सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि 'अपराजिता बिल' से लोगों का ध्यान भटकाने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राज्य में दरिंदों का राज चल रहा है। इस समय 'अपराजिता बिल' लाकर आम लोगों के ध्यान को भटकाने की कोशिश की जा रही है। इस बिल से अपराधियों को सजा मिलने की कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि जहां सरकार अपराधियों को खुद बचाना चाहती है, वहां भला कौन



अपराधी को सजा दिलवा सकता है? बंगाल में 'अपराजिता बिल' हो चाहे और कोई बिल, नामकरण करने से कोई फर्क नहीं पड़ता। सरकार के संरक्षण में सारे अपराधी पनप रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल है कि क्या हिंदुस्तान में मौजूदा कानून के तहत अपराधियों को फांसी की सजा सुनाने में कोई कमी है? कुछ दरिंदों ने निर्भया कांड को अंजाम दिया था, इसके बाद कांग्रेस के जमाने में कानून पारित हुए और उस कानून के मुताबिक चार दरिंदों को फांसी की सजा सुनाई गई और फांसी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार की अगर नीयत सही रहती तो आरजी कर कांड के बाद कोई नया कानून बनाने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि मौजूदा कानून काफी है। राज्य में जांच पड़ताल नहीं होती, सरकार अपराधियों को बचाना चाहती है, उनकी मदद करना चाहती है। यहां पर अपराधियों को सरकार की तरफ से संरक्षण दिया जाता रहा है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय में पहले जैसे हालात हो गए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वादा करने के बाद भी अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### सेंसेक्स छुएगा 115,836 का स्तर वित्त वर्ष 28 तक : वेंचुरा

**कोलकाता :** एक फुल-सर्विस स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म वेंचुरा के अनुसार, अगले तीन वर्षों में निफ्टी एक निश्चित पीई बैंड के भीतर उतार-चढ़ाव करेगा, जिसमें मजबूत आय वृद्धि की उम्मीद है, और वित्त वर्ष28 के लिए अनुमानित ईपीएस सीएजीआर 12-14% है। वित्त वर्ष2028 तक, वेंचुरा ने भारतीय सूचकांक स्तरों को 21 पीई (बुल केस) और 19 पीई (बेयर केस) पर मूल्यांकित किया है, जिसमें सेंसेक्स के लिए अनुमानित ईपीएस 5,516 और निफ्टी 50 के लिए 2,089 है। वेंचुरा के रिसर्च हेड विनीत बोलिंजकर का कहना है, पिछले 10 वर्षों में, भारतीय अर्थव्यवस्था ने एनबीएफसी संकट, कोविड-19, रूस-यूक्रेन युद्ध और हाल ही में ट्रम्प टैरिफ की अनिश्चितता जैसी वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद सबसे अधिक जीडीपी वृद्धि दर्ज की है। जोखिम कम करने के कारक मौजूदा चुनौतियों को पीछे छोड़ देंगे, जिससे वित्त वर्ष 30 तक भारतीय जीडीपी वृद्धि 7.3% तक पहुंचने की उम्मीद है। हम भारत के संरचनात्मक सुधारों और मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिरता के साथ महत्वपूर्ण धन सृजन की उम्मीद करते हैं।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ तिमाही-दर-तिमाही 24% बढ़कर 103 करोड़ रुपये हुआ

**कोलकाता :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 103 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो तिमाही-दर-तिमाही 24% की वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि मजबूत सुरक्षित ऋण वृद्धि और स्थिर परिसंपत्ति गुणवत्ता के कारण हुई। वितरित कुल ऋण राशि साल-दर-साल 11% बढ़कर 33,287 करोड़ हो गई। जून 2025 तक, जमा राशि 38,619 करोड़ थी, जो 18.8% वार्षिक वृद्धि और 2.6% तिमाही वृद्धि दर्शाती है। सुरक्षित ऋण पुस्तिका साल-दर-साल 63% बढ़कर 15,162 करोड़ हो गई, जो कुल ऋण पोर्टफोलियो का 46% है। जून 2024 में सुरक्षित बही हिस्सा 31.3%, मार्च 2025 में 43.5% और जून 2025 में 45.5% तक पहुँच गया।संजीव नौटियाल, एमडी और सीईओ, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा, वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में, हमने अपने सकल ऋण पुस्तिका में 11% सालाना की मजबूत वृद्धि दर्ज की, यह सुरक्षित खंड में मजबूत गति से समर्थित था जो सालाना 63% बढ़ा। तिमाही के लिए संवितरण 6,539 करोड़ पर, सालाना 24% ऊपर।

## हरियाली तीज का भव्य कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** देशप्रिय पार्क के लांयस क्लब प्रांगण में भारत विकास परिषद दक्षिण कोलकता शाखा की अगुवाई में भारतीय सांस्कृतिक पर्व हरियाली तीज का कार्यक्रम समारोह आयोजित हुआ, जिसमें बालीगंज, साल्टलेक और हावड़ा शाखा की महिलाओं की भी उपस्थिति थी। इसमें महिलाओ ने कुमकुम, रोरी, अच्छत एवं इत्र लगाकर राजस्थानी रीति-रिवाज से लोगों का स्वागत कर सम्मानित किया। उत्सव में महिलाओ ने पारंपरिक रूप से श्रृंगार, नृत्य, गान और मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। शाखा अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने प्रतिभा संपन्न विजेता महिलाओं को पुरस्कृत कर उनका मानवर्धन किया। शाखा सचिव विपिन राय ने कुशल नेतृत्व में सौ से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर शाखा का मानवर्धन किया। कार्यक्रम के अन्त में सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं रीता भट्टाचार्या द्वारा नवजात तुलसी भेंटकर कार्यक्रम का समापन किया।

## 'कन्वर्जेंस 2025' से हेरिटेज अकादमी में नए सत्र की सकारात्मक शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज अकादमी ने अपने नए सत्र की शुरुआत 'कन्वर्जेंस 2025' नामक ओरिएंटेशन कार्यक्रम से की, जो बीबीए, बीसीए, बी.एससी. (साइबर सुरक्षा) और मीडिया साइंस के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। सप्ताहभर चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अकादमिक वातावरण से परिचित कराना और उन्हें एक मूल्यनिष्ठ, आत्मविश्वासपूर्ण शुरुआत के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत में हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें जिज्ञासु और निडर बनने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. गौर बनर्जी ने शिक्षा को जीवन के व्यापक अनुभवों से जोड़ते हुए कहा कि हेरिटेज में पढ़ाई आत्म-खोज का माध्यम है। मीडिया साइंस




विभाग की डीन प्रो. मधुपा बक्शी ने छात्रों को शिक्षा की सामाजिक जिम्मेदारी की याद दिलाई और उन्हें रचनात्मक, उद्देश्यपूर्ण और जमीनी सोच अपनाने की सलाह दी। 23 जुलाई को उद्घाटन सत्र में वुडलैंड्स हॉस्पिटल के एमडी रूपक बरुआ, प्रेडिक्ट बिजनेस सॉल्यूशंस के कायन कर और एबीपी ग्रुप के सीईओ ध्रुव मुखर्जी ने नेतृत्व, अनुकूलन और सफलता के नैतिक दृष्टिकोण पर विचार साझा किए। सप्ताह भर विभिन्न सत्रों में छात्रों को साइबर सुरक्षा, एआई, माइंडफुलनेस, क्रिएटिविटी, वैल्यू एजुकेशन और फिटनेस जैसे विषयों पर विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिला। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के पूर्व छात्रों के साथ एक प्रेरणात्मक संवाद आयोजित किया गया।

#### फिर बढ़ी स्नातक में दाखिले की आवेदन समयसीमा,

## अब 30 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में स्नातक स्तर पर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए केंद्रीकृत एडमिशन पोर्टल पर तीसरी बार आवेदन की समयसीमा बढ़ा दी गई है। अब छात्र-छात्राएं 30 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन और पंजीकरण कर सकेंगे। इसकी आधिकारिक जानकारी राज्य उच्च शिक्षा विभाग ने एक नई अधिसूचना जारी कर दी है।

इससे पहले सरकार ने 15 जुलाई को समयसीमा 10 दिन बढ़ाकर 25 जुलाई तक कर दी थी। उससे भी पहले, पहली बार आवेदन की अंतिम तारीख 1 जुलाई तय की गई थी, जिसे पहले 15 जुलाई और फिर 25 जुलाई तक बढ़ाया गया।



अब तीसरी बार बढ़ाकर 30 जुलाई तक का मौका दिया गया है। उच्च माध्यमिक परिणामों की घोषणा के 41 दिन बाद, 18 जून से स्नातक प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हुई थी।

राज्य सरकार के मुताबिक, यह निर्णय छात्रों की सुविधा के लिए लिया गया है ताकि अधिक से अधिक इच्छुक छात्र स्नातक के पहले वर्ष में नामांकन कर सकें। विश्वविद्यालयों को इस संबंध में निर्देश भी भेज दिए गए हैं।

### घाटाल में लगातार बारिश से आई बाढ़, पीड़ितों के साथ भारत सेवाश्रम संघ

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल उपमंडल में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नदियों का जलस्तर बढ़ जाने से विस्तृत इलाके जलमग्न हो गए हैं। कई लोग बेघर हो गए हैं और खेती-बाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संकट की घड़ी में भारत सेवाश्रम संघ पीड़ितों की मदद के लिए सामने आया है। संघ की ओर से घाटाल के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पका हुआ भोजन वितरित किया जा रहा है। सूखा खाद्य सामग्री जैसे चिउड़ा, गुड़, बिस्कुट, मुरमुरे के साथ-साथ पका हुआ भोजन, खिचड़ी और आवश्यक खाद्य सामान बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाया जा रहा है। केवल खाद्य सामग्री ही नहीं, बल्कि बीमार और घायल लोगों की चिकित्सा के लिए अस्थायी मेडिकल कैंप भी स्थापित किए गए हैं। वहाँ से लोगों को नि:शुल्क इलाज और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### सागरदिघी से अज्ञात वृद्धा का शव बरामद

**कूचबिहार :** जिले के सागरदिघी से अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। शनिवार को राहगीरों ने वृद्ध महिला का शव सागरदिघी में बहते हुए देखा। इसकी सूचना कोतवाली थाने की पुलिस को दी। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमजेएन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वृद्ध महिला की मौत मौत कैसे हुई। कोतवाली थाने की पुलिस वृद्ध महिला की शिनाख्त में जुट गई है। शहर के हृदय स्थल सागरदिघी से वृद्ध महिला शव बरामद होने से प्रशासनिक निगरानी पर सवाल उठना शुरू हो गया है।

## घर से भागकर अपहरण का ड्रामा, आसनसोल की नाबालिग छात्रा को नासिक से किया गया बरामद

#### गत 19 जुलाई को 10वीं कक्षा का छात्रा घर से हो गयी थी लापता

**आसनसोल :** सालानपुर थाने की पुलिस ने एक सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए आखिरकार रूपनारायणपुर डीएवी स्कूल के कक्षा 10 के छात्रा को बचा लिया है। उसे गत शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक की एक झुग्गी बस्ती से बचाया गया। शनिवार को उसे नासिक की एक अदालत में पेश करने के बाद पश्चिम बंगाल वापस लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया गया है कि सालानपुर प्रखंड के बनजेमारी क्षेत्र के एक ईसीएल कर्मचारी की बेटी ने खुद ही एक काल्पनिक अपहरण का नाटक रचा था। पारिवारिक विवाद के कारण 19 जुलाई को वह अपनी मर्जी से घर छोड़कर आसनसोल स्टेशन से ट्रेन में सवार हो गए। बिहार से रेलगाड़ी से यात्रा करते समय उनकी मुलाकात कुछ युवकों से हुई जो गुजरात और महाराष्ट्र में काम करने जा रहे थे। अपना परिचय एक अनाथ के रूप में देते हुए वह कहता है कि उसका कोई नहीं है और वह दुःख के कारण घर छोड़कर चला गया था। इस भावनात्मक कहानी पर विश्वास करके युवक उसे अपने साथ ले गए। बाद में, वह उनके साथ गुजरात और महाराष्ट्र पहुंचीं। अपहरण के नाटक को हकीकत बनाने के लिए लड़की ने खुद ही घर पर मैसेज भेजकर तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी। यहां तक कि उसने वीडियो कॉल पर रोते हुए और अपने हाथों को घूंघट से बांधकर अपहरण का नाटक भी किया। हालांकि, कुछ दिनों के बाद वह इस स्थिति से तंग आ गए और घर लौटने की योजना बनाई। इस बीच, सलानपुर थाने की पुलिस ने अपहरण के आरोपों के आधार पर जांच शुरू कर दी और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में जांच दल भेजे। लड़की के मोबाइल टावर लोकेशन को ट्रैक करके पुलिस ने पुष्टि की कि वह नासिक में है। स्थानीय पुलिस की मदद से उसे नासिक की एक झुग्गी बस्ती में बिहार के कुछ युवकों के किराए के मकान से बचाया गया। हालांकि, रेस्क्यू के दौरान नासिक में उसके साथ कोई युवक नहीं मिला।

### टीएमसीपी के स्थापना दिवस पर सीयू में परीक्षा, तारीख को लेकर संगठन ने जताई आपत्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता विश्वविद्यालय (सीयू) में 28 अगस्त को दोपहर 2 बजे से स्नातकोत्तर परीक्षा घोषित की गई है, लेकिन इसी दिन तृणमूल छात्र परिषद का स्थापना दिवस भी है। इस वजह से परीक्षा की तारीख को लेकर टीएमसीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। संगठन का आरोप है कि यह दिल्ली के इशारे पर किया गया एक राजनीतिक षड्यंत्र है। टीएमसीपी के प्रदेश अध्यक्ष ने परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की निंदा करते हुए इसे बेनज़ीर राजनीतिक चाल करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बाधित करने की कोशिश की जा रही है। इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कलकत्ता विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति डॉ. शांता दत्ता दे ने कहा कि परीक्षा देना छात्रों का कर्तव्य है, और यह किसी के लोकतांत्रिक अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं है। यदि हमें किसी विशेष संगठन के कार्यक्रम को देखकर परीक्षा की तारीख तय करनी पड़ी, तो फिर हर राजनीतिक दल के अनुसार परीक्षा आयोजित करनी होगी। यह तो खुद ही अलोकतांत्रिक हो जाएगा।

### मेट्रो के महाप्रबंधक ने जय हिंद विमानबंदर से मदर वैक्स म्यूजियम तक ऑरेंज लाइन का किया निरीक्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने शनिवार को ऑरेंज लाइन के जय हिंद विमानबंदर से मदर वैक्स म्यूजियम मेट्रो स्टेशन तक के हिस्से का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे और रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे। निरीक्षण की शुरुआत श्री रेड्डी ने जय हिंद विमानबंदर मेट्रो स्टेशन से की, जहां अधिकारियों ने उन्हें अब तक की प्रगति और निर्धारित समयसीमा के अंदर कार्य पूरा करने की योजना के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद, महाप्रबंधक ने ऑरेंज लाइन के निर्माणाधीन सिटी सेंटर 2 और मदर वैक्स म्यूजियम मेट्रो स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्टेशनों पर वायाडक्ट, ट्रैक बेड और अन्य यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री रेड्डी ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय पर परियोजना पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## गोड्डा से दौराई तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू, झारखंड-राजस्थान अब और नजदीक

**मालदह :** झारखंड के गोड्डा जिले को राजस्थान के अजमेर से जोड़ने वाली गोड्डा-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने गोड्डा रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस कार्यक्रम में मालदह मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ शाखा अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान डीआरएम ने स्वागत भाषण में गोड्डा क्षेत्र में रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया। सांसद डॉ. दुबे ने कहा कि 2022 में रेल संपर्क की शुरुआत के बाद गोड्डा से 15 ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ है, जिसमें 9 लंबी दूरी की और 6 पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री व केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में समग्र विकास की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। यह नई सेवा गोड्डा जैसे आकांक्षी जिले



को राजस्थान के सांस्कृतिक व धार्मिक केंद्र अजमेर से सीधे जोड़ती है। यह ट्रेन यात्रियों को तीर्थ, शिक्षा, रोजगार और व्यापार के लिहाज से काफी सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह सेवा बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों के यात्रियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

इस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित परिचालन 3 अगस्त से शुरू होगा। ट्रेन संख्या 19603, दौराई से हर रविवार दोपहर 15:30 बजे रवाना होकर सोमवार रात 22:20 बजे गोड्डा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 19604, गोड्डा से हर मंगलवार सुबह 05:00 बजे प्रस्थान कर बुधवार शाम 17:20 बजे दौराई पहुंचेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर, एसी थर्ड इकोनॉमी, एसी थर्ड और एसी सेकंड टियर कोच होंगे। यह ट्रेन किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नारनौल, दिल्ली, अलीगढ़, इटावा, प्रयागराज, गया, झाझा, देवघर और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

### सावन की हरियाली में आज होगा मां शाकम्भरी झूलनोत्सव का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सावन की हरियाली और भक्तिभाव के शुभ वातावरण में इस वर्ष का मां शाकम्भरी सिंधारा एवं झूलन महोत्सव रविवार, 27 जुलाई को विधान गार्डन 2 में श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन का संयुक्त रूप से श्री शाकम्भरी सेवा ट्रस्ट और श्री शाकम्भरी भक्त मंडल, कोलकाता द्वारा आयोजन किया जा रहा है। शाकम्भरी भक्त मंडल के प्रतिनिधि अशोक ढेडिया ने बताया कि यह महोत्सव हरियाली तीज के पावन अवसर पर आयोजित हो रहा है, जो देवी पार्वती और भगवान शिव के मिलन का प्रतीक है। मां शाकम्भरी, जिन्हें अन्न, फल, फूल और वनस्पतियों की देवी माना जाता है, की आराधना से सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की प्राप्ति होती है। आयोजन की शुरुआत सुबह 8:00 बजे मां शाकंभरी के आह्वान और दुर्गा सप्तशती पाठ से होगी, जिसके बाद 10:45 बजे कुमारी कन्याओं का पूजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मां का ऋतु पुष्पों और आभूषणों से सुसज्जित दिव्य श्रृंगार और हिंडोला दर्शन रहेगा। 11:00 बजे साक्षात ज्योत दर्शन और भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भजन गायकों द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे से सौरव मधुकर द्वारा मां की मंगल स्तुति पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही चुनरी और गजरा महोत्सव का आयोजन कर मां को विशेष अर्पण किया जाएगा। समापन पर 15 महिलाओं द्वारा मां की भव्य आरती की जाएगी और मां को छप्पन भोग अर्पित कर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुजनों से सपरिवार कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## हावड़ा स्टेशन पर स्वच्छता का संकल्प - हर यात्री का कर्तव्य अभियान का आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा शनिवार को हावड़ा रेलवे स्टेशन के पुराने परिसर में स्वच्छता का संकल्प - हर यात्री का कर्तव्य अभियान के तहत भव्य स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन हावड़ा मंडल और राइट्स फॉर ऑल नामक एनजीओ के संयुक्त प्रयास से हुआ, जिसका नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और डस्टबिन का सही उपयोग, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी और थूकने से बचाव, सिंगल यूज प्लास्टिक से परहेज जैसे व्यवहारों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सतेंद्र कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। वरिष्ठ रेल अधिकारी अभिनव बंसल, उमेश वर्मा, कौशिक पान, हरिनारायण गांगोपाध्याय और स्टेशन निदेशक अजय कुमार राय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पद्मश्री प्रो. डॉ. इंदिरा चक्रवर्ती, पर्यावरणविद डॉ. सूफिया जमन, आरती अस्पताल के निदेशक अजय कुमार साव, सामाजिक उद्यमी डॉ.



चैताली दास और प्रसिद्ध तालवादक पंडित मल्लार घोष जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। 'नाटकवाला कोलकाता' की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्लेटफॉर्म 8 और 9 पर एक जागरूकता मार्च निकाला गया, जिसमें रेलवे अधिकारी, एनजीओ के सदस्य, स्काउट्स एंड गाइड्स और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। उन्होंने यात्रियों को पर्चे और पर्यावरण-अनुकूल थैले वितरित कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह आयोजन यात्रियों में नागरिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करने में सफल रहा।

### एनएफआर ने स्वास्थ्य जांच शिविर और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण का किया आयोजन

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए जुलाई माह में कई उल्लेखनीय पहलें कीं। चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में मालीगांव स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/मुख्यालय और अन्य प्रमुख स्थानों पर स्वास्थ्य



जांच शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 420 से अधिक कर्मचारियों - जिनमें 220 आरपीएफ जवान शामिल हैं - का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही, खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डिमापुर रेलवे स्टेशन पर एक दिवसीय फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों एवं डिमापुर राज्य खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्टेशन परिसर के खाद्य विक्रेताओं को स्वच्छता और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। एनएफआर सार्वजनिक स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## पूर्व रेलवे बांसबेड़िया-त्रिवेणी के बीच बंडेल रोड ओवरब्रिज, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की हावड़ा मंडल अंतर्गत बंडेल-काटवा सेक्शन के बांसबेड़िया और त्रिवेणी स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 4 पर सड़क यातायात की गंभीर समस्या को देखते हुए रेलवे ने स्थायी समाधान के रूप में रोड ओवरब्रिज निर्माण की योजना बनाई है। यह क्षेत्र घनी आबादी वाला है और तेजी से बढ़ते वाहन दबाव के कारण यहां ट्रैफिक जाम आम समस्या बन गई है। गेट नंबर 4 पर विशेषकर पीक ऑवर्स के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन- जैसे ओवरटेकिंग और गेट बंद होते समय जबरन क्रॉसिंग करने की घटनाएं - ट्रैफिक की गति को और बाधित करती हैं। इससे न सिर्फ सड़क यातायात प्रभावित होता है, बल्कि



रेल संचालन भी प्रभावित होता है।

स्थानीय निवासियों और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे ने यहां आरओबी निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) आगामी दो महीनों में पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद इस परियोजना को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद और आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। पूर्व रेलवे ने लेवल क्रॉसिंग उपयोगकर्ताओं से पुनः अनुरोध किया है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षा मानकों को गंभीरता से लें, ताकि रेलवे व सड़क यातायात दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# बंगाल की मतदाता सूची में 1.25 करोड़ अवैध प्रवासी हैं : शुभेंदु अधिकारी

**पूर्व मेदिनीपुर :** विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को दावा किया कि राज्य की मतदाता सूची में 1.25 करोड़ अवैध प्रवासी हैं और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद उन सभी को वापस भेज दिया जाएगा। पूर्व मेदिनीपुर जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि धार्मिक उत्पीड़न के कारण पलायन करने वाले हिंदुओं को इस प्रक्रिया से चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में लगभग 50 लाख नाम हटा दिए गए, तो बंगाल में ऐसे 1.25 करोड़ नाम हो सकते हैं। एसआईआर के बाद पश्चिम बंगाल में सभी बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को वापस भेज दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस बार, मुख्यमंत्री को कोई नहीं बचा पाएगा। सारी लूट और भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। फर्जी मतदान की घटनाएं कम होंगी। जो लोग फर्जी वोट डालते थे, उन्हें बाहर कर दिया जाएगा। भाजपा नेता ने सरकारी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे ईमानदारी से काम करें, वरना जिला स्तर के अधिकारी भी कार्रवाई के घेरे में आ सकते हैं।



### तृणमूल कांग्रेस ने अधिकारी के दावे को किया खारिज

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने उनकी टिप्पणियों को सांप्रदायिक बयानबाजी बताते हुए खारिज कर दिया। तृणमूल ने कहा कि इन टिप्पणियों का उद्देश्य चुनाव से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करना है। तृणमूल प्रवक्ता देबांग्शु भट्टाचार्य ने भाजपा को 1.25 करोड़ अवैध प्रवासियों की सूची निर्वाचन आयोग को सौंपने की चुनौती देते हुए पूछा कि क्या वह वाकई इतनी बड़ी संख्या की पहचान कर सकते हैं? क्या शुभेंदु अधिकारी ने कभी रोहिंग्या को देखा है या जानते हैं कि वे कौन सी बोलते हैं? उन्होंने दावा किया कि एसआईआर का उद्देश्य विपक्षी दलों के समर्थकों को मतदाता सूची से हटाना है। उन्होंने कहा कि इसका असर हिंदू और मुसलमान दोनों पर पड़ रहा है। बिहार में राजद को वोट देने वाले कई यादवों को मतदाता सूची से बाहर कर दिया जा रहा है। अब वे बंगाल में भी यही कोशिश करना चाहते हैं, लेकिन यह प्रयास सफल नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि बंगाली, हिंदू और मुसलमान दोनों अपनी भाषा और पहचान को लेकर एकजुट हैं।

## 'सास' को 'मां' बताकर बनाया फर्जी पहचान पत्र, 30 साल से बनी रही अवैध नागरिक

- ❑ बनगांव में बीएनपी नेता की पत्नी गिरफ्तार
- ❑ आरोपी रेजाउल मंडल कुछ महीने पहले ही चला गया बांग्लादेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में अगस्त से मतदाता सूची सुधार का काम शुरू होने की संभावना है, लेकिन उससे पहले ही अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या समुदाय में बेचैनी देखी जा रही है। शनिवार को सामने आए एक मामले ने प्रशासन और राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। खुलासा हुआ है कि बांग्लादेश के विपक्षी बीएनपी पार्टी से जुड़े एक नेता ने पश्चिम बंगाल की एक महिला से विवाह कर भारतीय दस्तावेज प्राप्त किए और यहां मतदान भी किया। मामला सार्वजनिक होते ही उसका नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले के बागदा स्थित बागी गांव की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांग्लादेशी नागरिक रेजाउल मंडल ने गांव की निवासी शेरफुल मंडल से करीब 30 साल पहले शादी की थी। उस समय शेरफुल को जानकारी नहीं थी कि उनका पति विदेशी नागरिक है। रेजाउल ने पत्नी की मां को अपनी माता बताते हुए भारतीय पहचान पत्र और वोटर कार्ड बनवा लिया और बाद में चुनाव में मतदान भी किया। हाल ही में, बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद रेजाउल अपने बड़े बेटे फिरोज मंडल के साथ बांग्लादेश लौट गया। प्रशासन को एक शिकायत के आधार पर जानकारी मिली, जिसके बाद उसकी जांच शुरू हुई। बागदा बीडीओ को मिली शिकायत के बाद जांच के दौरान पता चला कि रेजाउल और उसका बेटा गांव से गायब हैं। चुनाव कार्यालय में गुरुवार को हुई सुनवाई में उसकी पत्नी ने बताया कि दोनों बांग्लादेश चले गए हैं। बीडीओ प्रसून प्रमाणिक के अनुसार, जांच में पिता-पुत्र के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं और नाम हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।



### नेफ्रोप्लस ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**कोलकाता :** नेफ्रोप्लस, जिसकी स्थापना 2009 में हुई थी, भारत का सबसे बड़ा संगठित डायलिसिस सेवा प्रदाता है और वित्त वर्ष 2025 में उपचार की संख्या के आधार पर एशिया में सबसे बड़ा और वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा सेवा प्रदाता है (एफ एंड एस रिपोर्ट के अनुसार)। डीआरएचपी के अनुसार, हैदराबाद स्थित कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 353.4 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 1,27,92,056 इक्विटी शेयरों (1.27 करोड़ इक्विटी शेयर) की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। विक्रम वुप्पला, बीवीपी (बेसेमर वेंचर पार्टनर्स) ट्रस्ट, एडोरस इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, हेल्थकेयर पैरेंट लिमिटेड (एचपीएल), इन्वेस्टकॉर्प प्राइवेट इक्विटी फंड खख (आईपीईएफ खख) और इन्वेस्टकॉर्प ग्रोथ ऑपर्चुनिटी फंड (आईजीओएफ) कंपनी के प्रमोटर हैं।

## बांसद्रोणी में बंद फ्लैट से युवक का सड़ा-गला शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बांसद्रोणी में स्थित एक बंद फ्लैट से एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। पता चला है कि दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, शेयरों में निवेश से उसे कोई लाभ नहीं हुआ था और वह लगभग कंगाल हो चुका था। इसलिए माना जा रहा है कि मानसिक अवसाद के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। मृतक की पहचान सुब्रत दे के रूप में की गई है। बताया गया है कि वह शेयर का कारोबार करता था। उसने दो-तीन महीने पहले बांसद्रोणी के निरंजन पल्ली में एक फ्लैट किराए पर लिया था। वह असल में आसनसोल का रहने वाला था। वह बांसद्रोणी स्थित फ्लैट में अकेला रहता था। पड़ोसियों ने बताया कि वह किसी से बात नहीं करता था। सुब्रत को केवल फ्लैट में आते-जाते देखा जाता था। फ्लैट पिछले दो दिनों से बंद था। स्थानीय लोगों को गत गुरुवार से दुर्गंध आ रही थी। शनिवार को यह असहनीय हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा खटखटाने पर किसी ने नहीं खोला। इस पर, मजबूरन दरवाज़ा तोड़ना पड़ा। अंदर घुसते ही पुलिसवाले हैरान रह गए। उन्होंने युवक को गले में रस्सी से लटके देखा। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पता चला है कि युवक ने शेयर बाज़ार में भारी-भरकम पैसा लगाया था। इस वजह से उसे घाटा हुआ। इसी वजह से वह मानसिक अवसाद में था। इसीलिए उसने यह कदम उठाया। इसके अलावा, पुलिस ने मृतक के परिवार से संपर्क कर यह पता लगाने की कोशिश की है कि कहीं कोई और वजह तो नहीं है।

## नवन्ना अभियान पर हाईकोर्ट की रोक, मंगला हाट के व्यापारियों के हित में फैसला

**कोलकाता :** मंगला हाट के व्यापारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोलकाता हाई कोर्ट ने संघर्षी समिति द्वारा प्रस्तावित 28 जुलाई और 9 अगस्त के नवन्ना अभियानों पर फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने साफ किया कि पुलिस की अनुमति न होने के कारण इन तिथियों पर किसी भी प्रकार का जमावड़ा नहीं हो सकता। व्यापारियों की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि नवन्ना अभियान के दिन हावड़ा के मंगला हाट इलाके में सड़क जाम और आंदोलन के कारण व्यापार पर बुरा असर पड़ता है। हाट के दिन यदि सड़क पर प्रदर्शन होगा, तो उन्हें अपनी दुकानें बंद करनी पड़ती हैं और इससे व्यवसायिक नुकसान होता है।

व्यापारी संघ के सचिव राजकुमार साहा ने कहा, हम किसी आंदोलन के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हाट के दिन सड़कों पर धरना या प्रदर्शन होने से हमें दुकानें बंद करनी पड़ती हैं। प्रशासन की ओर से भी दुकानें न खोलने की सलाह दी जाती है। इसलिए हम मजबूर होकर अदालत गए।

न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि चूंकि पुलिस ने इस आयोजन को अनुमति नहीं दी है, इसलिए उन तिथियों पर कोई भी जमावड़ा नहीं किया जा सकता। अदालत ने गैरकानूनी जमावड़े पर रोक लगाने और निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी बात कही।

अब इस मामले की अगली सुनवाई सितंबर माह में होगी। अदालत ने दोनों पक्षों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

### 28 जुलाई को बिना अनुमति मीटिंग-जुलूस पर पूर्ण प्रतिबंध, पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई



**हावड़ा :** हावड़ा सिटी पुलिस ने साफ किया है कि 28 जुलाई को किसी भी प्रकार की मीटिंग, जुलूस या इकट्ठा होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर कोई लोग बिना अनुमति के इकट्ठा होते हैं या कोई कार्यक्रम आयोजित करते हैं, तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। 12 जुलाई को दो संगठनों ने नवन्न राज्य सचिवालय के घेराव की योजना बनाकर पत्र दिया था। वहीं, मंगला हाट व्यवसायी संघ ने भी इस तरह के आयोजनों के कारण बार-बार हाट के दिनों में व्यवसाय को नुकसान पहुंचने की बात कहते हुए शिकायत की थी। हावड़ा सिटी पुलिस कमिश्नर प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन पत्रों की जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया कि 28 जुलाई को किसी भी तरह के कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी गई है। इसके अलावा, हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार यदि कोई बिना अनुमति के जमावड़ा करता है, तो पुलिस कड़ी कार्रवाई कर सकती है। हालांकि, 9 अगस्त को होने वाले किसी आयोजन को लेकर अभी कोई निर्णय या अनुमति नहीं दी गई है।

### नाबालिग लड़के पर लगा छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, की आत्महत्या

**पूर्व मेदिनीपुर :** स्कूल में एक छात्रा से कथित छेड़छाड़ के आरोप में भरे बाजार में पिटाई से अपमानित महसूस करने के कारण नौवीं कक्षा के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। यह घटना शनिवार को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी थाना अंतर्गत पिचवानी इलाके में सामने आई। पुलिस के अनुसार, मृतक के घर से एक सुसाइड नोट मिला है। इस पत्र में किशोर ने अपने पिता को लिखा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया। उसे सबके सामने झूठे आरोपों में प्रताड़ित किया गया। अपमान सहन न कर पाने के कारण वह आत्महत्या कर रहा है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले गुरुवार को कांथी के पिचवानी गांव निवासी सूर्य मन्ना पर स्कूल में आठवीं कक्षा की एक लड़की से छेड़खानी का आरोप लगा था। हालांकि, छात्र ने दावा किया था कि उसने ऐसा कुछ नहीं किया। वह लड़की को जानता भी नहीं।

## हावड़ा पुलिस की पहल से स्नेहा घरामी को मिली नई उड़ान

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा पुलिस ने सामुदायिक सहयोग की एक मिसाल कायम करते हुए निश्चिंदा बीरेन दास कॉलोनी की होनहार पावरलिफ्टर स्नेहा घरामी के सपनों को पंख दिए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली स्नेहा, फल विक्रेता उत्तम घरामी की बेटी हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों में भी पावरलिफ्टिंग के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। वह पांच बार की राज्य चैंपियन, पांच बार 'बेस्ट लिफ्टर' पुरस्कार विजेता और छह बार नेशनल व फेडरेशन कप पदकधारी (3 स्वर्ण, 2 कांस्य, 1 रजत) रह चुकी हैं। इसके अलावा उनके नाम पांच राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज हैं।



स्नेहा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का परचम लहराया है। 2023 में सब-जूनियर वर्ग में उन्होंने 4 स्वर्ण और 3 एशियन रिकॉर्ड अपने नाम किए, जबकि 2025 में जूनियर वर्ग में 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। बाली हेल्थ सेंटर क्लब में कोच जयंता भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में स्नेहा अभ्यास करती हैं, जहां सीमित संसाधनों के बीच 16 खिलाड़ी कठिन मेहनत कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए निश्चिंदा थाने के ऑफिसर-इन-चार्ज ने निजी तौर पर आर्थिक सहायता दी, जिससे स्नेहा विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकीं।

बाद में डीसीपी नॉर्थ की पहल पर स्नेहा की मुलाकात हिंदाल्को (आदित्य बिड़ला ग्रुप) से करवाई गई, जिन्होंने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत 50,000 की सहायता दी और भविष्य में प्रशिक्षण हेतु निरंतर सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### फर्जी दस्तावेज़ों से 62 लाख की बैंक धोखाधड़ी, पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी किया गिरफ्तार




**कोलकाता :** एचडीएफसी बैंक की शिकायत के आधार पर दर्ज एक मामले में बैंक धोखाधड़ी सेक्शन, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने 62 लाख रुपये की फर्जी लोन घोटाले का भंडाफोड़ करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला छह व्यक्तिगत ऋणों के ज़रिए फर्जी वेतन पर्ची और बैंक स्टेटमेंट जमा कर लोन लेने से जुड़ा है, जिसमें आरोपी खुद को सिंचाई, स्वास्थ्य और वन विभाग जैसे सरकारी संस्थानों का कर्मचारी बताकर बैंक को गुमराह करते थे। जांच के दौरान पुलिस ने कई दस्तावेज़ और मौखिक साक्ष्य एकत्र किए और पाया कि आरोपियों का एक संगठित गिरोह इस धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। यह गिरोह मुख्य रूप से बांकुड़ा और बर्दवान क्षेत्रों में सक्रिय था और बैंक द्वारा नियुक्त कुछ डीएसए (डायरेक्ट सेल्स एजेंट) की मदद से यह पूरा रैकेट चलाया जा रहा था। इससे पहले पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को सोनामुखी और बर्दवान से गिरफ्तार किया था, जो इस समय 4 अगस्त 2025 तक पुलिस हिरासत में हैं। जांच के क्रम में पुलिस ने कल हावड़ा में छापेमारी कर तीसरे आरोपी को भी गिरफ़्तार किया। आरोपी ने 9 लाख रुपये का पर्सनल लोन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया था और बाद में वह राशि हड़प ली। आज उसे कोलकाता के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पुलिस रिमांड के लिए पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यह एक संगठित वित्तीय अपराध है, जिसमें और भी आरोपियों के नाम सामने आ सकते हैं। जांच फिलहाल जारी है।

## सीटा सभागार में पेशा कर (प्रोफेशनल टैक्स) पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की प्राचीनतम व्यापारिक संस्था द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) द्वारा शुक्रवार को सीटा सभागार में पेशा कर (प्रोफेशनल टैक्स) पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पेशा कर के नवीनीकरण, संशोधन एवं नए पंजीकरण से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाना और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना था। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा (जितू), मानद सचिव आलोक कुमार सिंह, सह सचिव अविनाश वर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार बरडिया, उपसमिति सदस्य मदन मोहन भट्टर और उमाकांत अग्रवाल के नेतृत्व में तथा कर उपसमिति के संयोजक डॉ. मुकेश सिन्हा के निर्देशन में संपन्न हुआ।




इस कार्यशाला में प्रोफेशनल टैक्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण निर्मल्य बंद्योपाध्याय (संयुक्त राजस्व आयुक्त एवं जन सूचना अधिकारी), सोमदेव घोष (सहायक राजस्व आयुक्त), शक्ति पद कुंडू एवं सुभाजीत सेन (राज्य कर अधिकारी) तथा सौभिक दत्ता (अपर राजस्व आयुक्त) ने उपस्थित होकर व्यापारियों और सदस्यों की शंकाओं का समाधान किया और प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सीटा कार्यकारिणी के सदस्य - मनीष चतुर्वेदी, चंद्रेश (रोमी भाई) मेघाणी, धीरज सिंधी, विनोद कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, दिलीप मारोडिया, जितेंद्र बैद, हेमंत बागड़ी, हेमंत बैंगानी, अमित झुनझुनवाला और निकुंज मुंधड़ा ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यशाला की सफलता के लिए उपस्थित सदस्यों ने डॉ. मुकेश सिन्हा के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया सेल संयोजक हरेंद्र कुमार मिश्रा एवं अरविंद तिवारी 'बाबा' द्वारा दी गई।

## पुअर ह्यूमन ट्रस्ट का कांवरियों की सेवा में विशेष भंडारा और चिकित्सा शिविर का आयोजन




**हावड़ा, समाज्ञा :** सावन के पवित्र महीने में शिवभक्त कांवरियों की सेवा के उद्देश्य से पुअर ह्यूमन ट्रस्ट द्वारा सलकिया चौरास्ता पर विशेष भंडारा एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में कांवर यात्रियों के लिए पूरी-सब्जी, मालपुआ, शरबत, केला तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई, जिससे यात्रा के दौरान थकान और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिल सके। इस आयोजन में सल्किया यंग ब्वॉयज और समारितन हेल्प मिशन ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने स्वयं सेवक के रूप में कांवरियों की सेवा की, उन्हें भोजन परोसा और आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय सहायता भी उपलब्ध कराई।

## अंतरराष्ट्रीय मैंग्रोव दिवस पर सुंदरबन के द्वीपवासियों ने मनाया 'रक्षाबंधन', एक लाख पौधे रोपे

**कोलकाता/गंगासागर :** सुंदरबन के द्वीपों में रहने वाले लोगों के लिए मैंग्रोव पेड़ किसी रक्षक की तरह हैं। चक्रवातों और समुद्री तूफानों जैसे प्राकृतिक आपदाओं के समय, ये मैंग्रोव वृक्ष अनेकों बार वहां के लोगों को जान-माल की हानि से बचा चुके हैं। इसी कारण, अंतरराष्ट्रीय मैंग्रोव दिवस के अवसर पर गंगासागर व आसपास के द्वीपों में रहने वाले लोगों ने इस विशेष दिन को 'रक्षाबंधन' की तरह मनाया।

गंगासागर के भूस्खलन-प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में मैंग्रोव के पौधे लगाए। चंडीपुर इलाके में 'सबुज संघ' और एसबीआई बैंक (नंदकुमारपुर शाखा) की मदद से करीब एक लाख पौधे रोपे गए। इसके साथ ही, वृक्षों को राखी बांधकर उनके प्रति अपनी भावनात्मक जुड़ाव दिखाया गया। लोगों ने केक काटकर भाईचारे का भी संदेश दिया।



स्थानीय शिक्षक पॉलाश दास ने कहा, जैसे एक माँ अपने बच्चों को बचाती है, वैसे ही मैंग्रोव वृक्ष हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाते हैं। जलवायु परिवर्तन और समुद्र स्तर बढ़ने से सुंदरबन के कई द्वीप, जैसे घोड़ामारा और लोहारछरा, धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। ऐसे में मैंग्रोव हमारा एकमात्र सुरक्षा कवच हैं।

सागर पंचायत समिति के सहायक सभापति स्वप्न कुमार प्रधान ने कहा कि सुंदरबनवासियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और मैंग्रोव की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प लिया है। सुंदर, गरान, गेव, केओड़ा जैसे पेड़ लगाए जा रहे हैं।

स्थानीय महिला पूर्णिमा घोरुई मंडल ने कहा, गाछ (वृक्ष) हमारे लिए माँ की तरह हैं। जैसे माँ बच्चों को जीवन देती है, वैसे ही पेड़ हमें ऑक्सीजन देकर जीवन देते हैं। हमने एक लाख से अधिक पौधे लगाए हैं, और अब इनकी देखरेख भी हमारी जिम्मेदारी है।

सबुज संघ के ब्लॉक संयोजक गणेश चंद्र दास ने बताया कि सागर, पाथरप्रतिमा, नामखाना और मथुरापुर द्वितीय ब्लॉक में भी मैंग्रोव दिवस व्यापक रूप से मनाया गया। उन्होंने बताया कि सागर ब्लॉक के चंडीपुर गांव में सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी के साथ मैंग्रोव बचाओ रैली निकाली गई, जिससे समाज के हर वर्ग को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके।

यह आयोजन केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संदेश है कि प्राकृतिक आपदाओं से लड़ने के लिए प्रकृति की रक्षा करना ही सबसे बड़ा हथियार है।

### अंडाल में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**दुर्गापुर :** एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था। यह आरोप अंडाल के तीन लोगों पर लगाया गया था। इस आरोप के आधार पर पुलिस ने उनमें से दो को पहले ही गिरफ्तार कर लिया। आखिरकार, घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया। पता चला है कि गिरफ्तार लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है। सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत मिलने के बाद, पुलिस ने पहले ही जांच शुरू कर दी थी और उनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को इस महीने की 16 तारीख को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी फरार था। अंत में, शुक्रवार की रात को एक गुप्त स्रोत से सूचना मिलने पर, अंडाल थाने की पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी कामरान अकमल आलम को अंडाल के इलाका नंबर 12 से गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि कुछ समय पहले, ये दोनों लोग उसकी बेटी को झूठे बहाने से एक परित्यक्त रेलवे आवास में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया और उस समय एक वीडियो बनाया गया। फिर, इस महीने की 13 तारीख को, वीडियो को उसकी बेटी के मोबाइल पर भेज दिया गया और उसे उनके पास आने के लिए कहा गया। उन्होंने धमकी दी कि अगर वह जल्द नहीं आई तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। नाबालिग के परिवार ने अंडाल थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### पालतू जानवरों के लिए घर का खाना नहीं, सही पोषण वाला पैकेज्ड फूड जरूरी : मार्स इंडिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में पालतू जानवरों को घर का खाना खिलाने की आम प्रवृत्ति उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रही है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए मार्स पेटकेयर इंडिया ने अपने ब्रांड्स पेडिग्री और व्हिस्कस के तहत फीड देम लाइक कैट्स एंड डॉग्स नाम से एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस कैंपेन का मकसद है लोगों को यह समझाना कि पालतू जानवर परिवार का हिस्सा होते हैं, लेकिन उनकी जैविक और पोषण संबंधी ज़रूरतें इंसानों से अलग होती हैं। एक सर्वे में पाया गया कि 10 में से 9 वेट डॉक्टर मानते हैं कि भारतीय पालतू जानवरों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है। 91% विशेषज्ञों ने पैकेज्ड फूड को बेहतर विकल्प बताया। यह अभियान डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, क्लिनिक और दुकानों पर चलाया जाएगा। पेडिग्री और व्हिस्कस जैसे वैज्ञानिक रूप से तैयार फूड ब्रांड ही पालतू जानवरों के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक हैं।

### अग्रसेन धाम महिला समिति द्वारा सुरंगो सावन का रंगारंग आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** महाराजा अग्रसेन धाम महिला समिति द्वारा सावन और तीज उत्सव पर सुरंगो सावन का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनोहारी सांस्कृतिक गीतों से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। रंगारंग परिधान में सजी महिलाओं में राजस्थानी संस्कृति की छटा दिखाई पड़ रही थी। संस्था अध्यक्षा सुमन जालान व सरिता सराफ ने कहा कि हमारा समाज उत्सवधर्मी है। त्योहारों में श्रावण और श्रावण में महिलाओं के श्रृंगार का विशेष महत्व है। आयोजन की सफलता हेतु सुमन जालान, निर्मला अग्रवाल, सरिता सराफ, प्रेम कयाल, सुनीता अड़ूकिया, ममता केडिया, बीना चूड़ीवाला, सुलेखा बगड़िया, अंजना अग्रवाल, सुधा सोंथलिया, इन्दू गोयल, ज्योति केजरीवाल, चित्रा कानोड़िया, नीलम अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, रितिका टिकमानी, नीलू सुल्तानिया, सरिता अड़ूकिया, राज गोयनका, अमिता दीवान, नीलम मित्तल आदि सक्रिय थीं। महाराजा अग्रसेन धाम के मंत्री निर्मल सराफ, कोषाध्यक्ष श्यामसुन्दर अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष अनिल केडिया, ट्रस्टी सत्यनारायण देवरालिया, दीपक अग्रवाल, अशोक चूड़ीवाला भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मुर्शिदाबाद में फर्जी पहचान पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

- ❑ बांग्लादेशियों के लिए बन रहे थे फर्जी आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और पैन कार्ड

**मुर्शिदाबाद :** जिले में फर्जी पहचान पत्र तैयार करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। यह गिरोह कथित तौर पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और पैन कार्ड तैयार कर रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद लालगोला थाना अंतर्गत चौआपारा इलाके में छापा मारा गया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के नाम अबू सुफियान और शाहीन अख्तर है। दोनों मुर्शिदाबाद जिले के निवासी है। पुलिस ने मौके से फर्जी दस्तावेज बनाने वाले उपकरण और पहले से बने हुए कुछ आधार, जाति प्रमाण पत्र और पैन कार्ड भी जब्त किए हैं। पुलिस का शक है कि यह गिरोह बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों के लिए भारतीय पहचान पत्र बनाकर उन्हें देश में बसने की सुविधा दे रहा था। लालगोला थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश किया जा चुका है और पुलिस ने 8 दिन की हिरासत की मांग की है ताकि इस गिरोह के नेटवर्क और उसके कनेक्शन को विस्तार से खंगाला जा सके। एसडीपीओ भगवान गोला ने आशंका जताई है कि इस पूरे रैकेट में कई और लोग भी शामिल हो सकते हैं और यह एक संगठित अपराध सिंडिकेट का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि मामले की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या एनआईए को सौंपी जा सकती है, क्योंकि इसमें देश की सुरक्षा और घुसपैठ से जुड़े गंभीर पहलू शामिल हैं।



### केष्टोपुर में बस के धक्के से डिलीवरी बॉय की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में फिर एक युवक तेज रफ्तार की बलि चढ़ गया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे बागुईआटी थाना अंतर्गत केष्टोपुर के वीआईपी रोड पर बस की चपेट में आने से एक डिलीवरी बॉय की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित मन्ना के रूप में की गई है। वह मेदिनीपुर का निवासी था। वह कोलकाता में डिलीवरी बॉय का काम करता था। पता चला है कि इस दिन, सुबह में वह काम के लिए निकला था। दोपहर में वह केष्टोपुर मोड़ पर बाइक लेकर जा रहा था। उसी समय रूट 211 की बस बागुईआटी से केष्टोपुर की ओर जा रही थी। बस ने नियंत्रण खो दिया और अमित को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिर गया। अमित बस के पहियों से कुचला गया।

### एएम/एनएस इंडिया को स्टील स्लैग तकनीक का लाइसेंस, देश में पहली कंपनी बनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) को सीएसआईआर-सीआरआरआई द्वारा विकसित स्टील स्लैग एग्रीगेट्स तकनीक का लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह तकनीक कंपनी को गुजरात के हजीरा संयंत्र में स्टील स्लैग को वैज्ञानिक रूप से प्रोसेस कर सड़क निर्माण में उपयोग की अनुमति देती है। एएम/एनएस इंडिया इस तकनीक का लाइसेंस प्राप्त करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई है। इस पहल से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता कम होगी और 'वेस्ट-टू-वेल्थ' के विजन को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी पहले ही एएम/एनएस आकार ब्रांड के तहत प्रोसेस्ड स्लैग का उत्पादन कर रही है। सीएसआईआर-सीआरआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतीश पांडेय ने इसे सड़क निर्माण के लिए गेम चेंजर बताया। हजीरा में कंपनी ने भारत की पहली ऑल स्टील स्लैग रोड भी बनाई थी, जिसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड में जगह मिली। एएम/एनएस इंडिया का यह प्रयास सर्कुलर इकॉनॉमी और प्रधानमंत्री के नेट जीरो लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# यदि मैं न होता तो....

चन्द्र प्रभा सूद

प्रायः लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि यदि मैं न होता तो क्या होता? पति कहता है मैं न होता तो घर कैसे चलता? पत्नी कहती है मैं न होती तो यह गृहस्थी कैसे चलती? बास कहता है वह न होता तो कम्पनी कैसे चलती? कर्मचारी कहता है मैं न होता तो कम्पनी को चला के दिखाते? नेता भी यही सोचते हैं कि वे न होते तो देश कैसे चलता?

हर किसी को यही लगता है कि उसके बिना कोई कार्य नहीं हो सकता यानी मनुष्य स्वयं को हर कार्य का श्रेय अनावश्यक ही देता रहता है। वह भूल जाता है कि ईश्वर की सत्ता इस संसार में है। जो कुछ भी होता है उसकी इच्छा से होता है जिसे तुलसीदास जी के शब्दों में कह सकते हैं–

होइहि सोइ जो राम रचि राखा।
को करि तर्क बढ़ावै साखा

अर्थात जो कुछ राम ने रच रखा है, वही होगा। तर्क करके कौन शाखा (विस्तार) बढ़ावे।

इसका अर्थ है कि ईश्वर की मर्जी के बिना पत्ता तक नहीं हिल सकता तो फिर मैं न होता वाली बात कहाँ से आ जाती है? मनुष्य तो बिना विचारे ही सब सफलताओं का फल कर्ता बन जाता है। सब कार्यों का विधान प्रभु ने पहले ही किया हुआ है। वह न चाहे तो मुँह तक पहुँचा हुआ रोटी का निवाला भी इन्सान के मुँह में नहीं जा सकता।

लंका विजय के उपरान्त हनुमान जी इसी विषय पर प्रभु श्रीराम से चर्चा करते हुए कहते हैं– 'अशोक वाटिका में जिस समय रावण क्रोध में भरकर, तलवार लेकर सीता माँ को मारने के लिए दौड़ा था, तब मुझे लगा था कि इसकी तलवार छीनकर इसका सिर काट लेना चाहिए किन्तु अगले ही क्षण मैंने देखा कि मन्दोदरी ने रावण का हाथ पकड़ लिया था। यह देखकर मैं गदगद हो गया। उस समय यदि मैं कूद पड़ता तो मुझे भ्रम हो जाता कि यदि मैं न होता तो क्या होता?'

बहुधा हम सबको भी ऐसा ही भ्रम हो जाता है, जैसे हनुमान जी को हो गया था। यदि मैं न होता तो उस दिन सीताजी को कौन बचाता परन्तु भगवान ने उन्हें बचाया ही नहीं बल्कि बचाने का काम रावण की पत्नी को ही सौंप दिया। तब हनुमान जी समझ गए कि प्रभु जिससे जो कार्य करवाना चाहते हैं, वे उसी से करवा ही लेते हैं। इसमें किसी का कोई महत्व नहीं होता है।

आगे चलकर जब हनुमान जी अशोक वाटिका में जाते हैं तो उन्हें त्रिजटा यह कह रही होती है–'लंका में एक बन्दर आया हुआ है और वह लंका को जलाएगा।'

तब हनुमान जी चिन्ता में पड़ गए कि प्रभु ने तो लंका जलाने के लिए तो कहा ही नहीं है और त्रिजटा कह रही है तो वे क्या करें? जब रावण के सैनिक तलवार लेकर उन्हें मारने के लिए दौड़े तो उन्होंने स्वयं को बचाने की तनिक भी चेष्टा नहीं की। जब विभीषण ने दरबार में आकर रावण से कहा–'दूत को नहीं मारना चाहिए, यह तो अनीति है।'

तब वे समझ गए कि उन्हें बचाने के लिये प्रभु ने सटीक उपाय कर दिया है। उनके आश्चर्य की पराकाष्ठा तो तब हुई, जब रावण ने कहा– 'बन्दर को मारा नहीं जाएगा, पर इसकी पूँछ में कपड़ा लपेटकर घी डालकर आग लगाई जाए।'

तब वे गदगद हो गए कि उस लंका वाली सन्त त्रिजटा की ही बात सच हो गई थी वरना लंका को जलाने के लिए वे घी, तेल, कपड़ा कहाँ से लेकर आते और कहाँ पर आग ढूंढते। इसके प्रबंध का कार्य भगवान ने रावण से करवा दिया। जब रावण से भी प्रभु अपना काम करवा लेते हैं तो अपने भक्त हनुमान से करवा लेने में आश्चर्य की क्या बात है?

अतः सदा यह स्मरण रखना चाहिए कि इस असार संसार में जो कुछ भी हो रहा है, वह सब ईश्वरीय विधान है, सर्वकालिक सत्य है। हम सभी तो केवल निमित्त मात्रा हैं। सभी उस मालिक के हाथ की कठपुतलियाँ हैं। वह जैसा चाहे वैसा दुनिया को चला ले। वह चाहे तो राई को पहाड़ बना दे या पहाड़ को राई जैसा बना दे। वही इस संसार का कारक है, पालक है और विनाशक है। कभी भी यह भ्रम मनुष्य को अपने मन में नहीं पालना चाहिए कि मैं न होता तो क्या होता? हम हैं, तब भी सारी सृष्टि चलती रहती है और जब इस संसार में नहीं रहेंगे, तब भी यह दुनिया इसी प्रकार चलती रहेगी, इसमें कोई सन्देह नहीं है। (उर्वशी)

# घर पर ही चमकायें सौन्दर्य



शिखा चौधरी

सौन्दर्य का हमारी त्वचा से अटूट रिश्ता है। त्वचा खूबसूरत और निखरी हुई है तो हम भी खूबसूरत लगेंगे मगर त्वचा हमेशा कोमल और तरोताजा रहे, ऐसा भी देखने को नहीं मिलता। अब या तो ब्यूटी पार्लर के चक्कर काटो या महंगी-महंगी क्रीम और उबटन खरीदो।

जरा सोचिए कि आपकी त्वचा का यह रूप किस कारण है। जाहिर है खान-पान के कारण। अब यदि खाने-पीने की चीजों का इस्तेमाल त्वचा के ऊपर किया जाये तो कुछ फायदे तो होंगे ही। ब्यूटी पार्लर जाने से तो मुक्ति मिलेगी ही, महंगे कृत्रिम उपचारों से भी छुटकारा मिल जायेगा।

सामान्यतया त्वचा तीन प्रकार की होती है– तैलीय, शुष्क एवम् सामान्य। यूं तो सामान्य त्वचा परेशान नहीं करती पर हो सकता है किसी मौसम विशेष में उसमें थोड़ा परिवर्तन हो जाये। तब यह परेशानी उत्पन्न कर सकती है। तैलीय त्वचा के साथ कई समस्याएं आती हैं क्योंकि इससे त्वचा तेल की तरह चिकनी रहती है जो चिपचिपाहट का एहसास कराती है। शुष्क त्वचा के कारण त्वचा में खिंचाव आ जाता है और यह फट जाती है।

- चेहरे पर झाइयां, मुंहासे अथवा दाग-धब्बे भी घर पर ही दूर कर सकती हैं। जरूरत है थोड़ी मेहनत और सब्र की। तैलीय त्वचा वाली महिलाओं को चिकनाई युक्त चीजें खाने से बचना चाहिए। बेसन को पानी में घोलकर त्वचा पर लगाएं। सूखने के बाद धो दें। पिसी हुई मसूर की दाल में दो बूंद नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं।
- शुष्क त्वचा के लिए खीरे के टुकड़ों को चेहरे पर रगड़ें। ध्यान रहे नरम हाथों से रगड़ें। चेहरे की रंगत बरकरार रखने के लिए एक चम्मच शहद में एक अंडे की सफेदी के साथ थोड़ा सा आटा फेंट कर लगायें। लगभग दो घंटे बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं। कच्चे दूध में चावल का आटा घोलकर लेप बनायें। इसे त्वचा पर लगाने से फायदा होगा।
- चेहरे की झुर्रियां दूर करने के लिए पके हुए पपीते को काटकर चेहरे पर मलें। लगातार ऐसा करने से फायदा होगा। आधा चम्मच दूध की ठंडी मलाई में नींबू के रस की चार बूंदें मिलाकर चेहरे पर रात को लगायें। हाथों पर ठंडी मलाई में नींबू का रस मिलाकर लगाएं। इससे हाथों में नयी चमक आ जायेगी।
- कील मुहांसों से छुटकारा पाने के लिए कई लेप घर पर बनाकर ही लगायें। संतरे के छिलकों को फेंकें नहीं। उन्हें छाया में सुखाकर बारीक पीस लें। अब उसमें बराबर मात्रा में बेसन मिलाकर पानी में पन्द्रह मिनट भिगोएं। अब गाढ़ा घोल बनाकर चेहरे के मुहांसों पर लगाएं। दस मिनट लगाये रखने के बाद गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। लगातार एक डेढ़ महीने तक ऐसा करने से फायदा होगा।
- झाइयों को खत्म करने के लिए शहद और नींबू को चेहरे पर लगायें तथा दूध में चावल का आटा फेंटकर भी लगा सकती हैं। कई अन्य फायदे भी होंगे।


**ध्यान रखें**

- त्वचा को अत्यधिक रगड़ें नहीं।
- सुबह उठकर एक गिलास पानी में नींबू का रस डालकर पिएं।
- दिन में कम से कम दस-ग्यारह गिलास पानी पिएं।
- फलों का रस पिएं एवम् हरी सब्जियां खाएं।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त भोजन न करें।
- त्वचा पर कृत्रिम सामग्री का प्रयोग कम से कम करें।
- मुहांसों को नोंचकर उखाड़ने की गलती न करें।

(उर्वशी)

# ताकि घर को मिले नया लुक

शिखा चौधरी



अपने घर को खूबसूरत और नया-नया बनाने की चाह किस गृहिणी को नहीं होती। प्रत्येक महिला यही चाहती है कि उसका घर नया-नया सा सबसे अलग दिखे। जो भी उसे देखे तो यही कहे कि क्या बात है?

◆ त्योहारों और नववर्ष के मौके पर तो यह चाहत और भी बढ़ जाती है। घर को नया लुक कैसे दिया जाए? पूरे घर को तो ऐसे में बदला नहीं जा सकता, न ही हर साल हर आइटम बदला जा सकता है। घर को बदलना तो बेहद कठिन काम है किंतु सोफे के कवर, कुशन कवर, चादरें, परदें, तकियें आदि बदले जा सकते हैं। घर का पूरा फेब्रिक बदल देंगे तो घर में अपने आप नयापन आ जाएगा।

◆ दरवाजों और खिड़कियों के परदे खरीदते समय ध्यान रखें कि वे न तो ज्यादा भारी हों और न ही ज्यादा हल्के बल्कि ऐसे हों जिससे घर के अंदर बाहर के मौसम का भी एहसास हो जाये। परदे जहां घर की प्राइवेसी बनाए रखते हैं वहीं सुंदरता भी बढ़ाते हैं। अपने घर पर परदे लगाते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि ऐसे हों जिन्हें धोते समय आपको परेशानी भी न हो क्योंकि परदे भी जल्दी-जल्दी नहीं बनवाए जाते ।

◆ परदों का कपड़ा अर्थात् फैब्रिक ऐसा चुनें जो आपके फर्नीचर, बेड कवर, कमरे के आकार इत्यादि से मैच करता हो। कमरे के अनुसार ही उसके परदे हों। वैसे तो पूरे घर के परदे एक समान हों तो बहुत अच्छा लगता है किंतु कुछ कंडीशन के अनुसार भी अच्छे लगते हैं जैसे बेडरूम में रेड कलर के परदे, ड्राइंग रूम में फूलपत्तीदार परदे तो डाइनिंग रूम में हरे रंग के परदे हों। इससे खुशनुमा एहसास घर में रहेगा।

◆ कमरा चाहे कोई भी क्यों न हो किंतु परदे भारी वैलवेट के नहीं होने चाहिए। इससे इन्हें धोने-उठाने में परेशानी होगी। बच्चों के कमरे में कार्टून बाक्स या चेक इत्यादि के परदे ज्यादा अच्छे लगेंगे। बच्चों के कमरे में फ्रिल या रिबन लगे हुए परदे और भी सुंदर लगेंगे।

◆ परदों के फैब्रिक में ऐसा चुनाव करें जो धोने-सुखाने में परेशानी न करें। टंगे हुए सुंदर लगें एवं घर में ताजगी का एहसास दिलायें। ज्यादातर लोग सिंथेटिक, साटिन, पापलीन, वैलवेट आद के परदे पसंद करते हैं। इसके अलावा सिल्क और मलमल आदि के परदे काफी पसंद किये जाते हैं। पारदर्शी परदों की अपनी रौनक है। जो लोग हल्की सी रोशनी भी पसंद करते हों उनके लिए पारदर्शी परदे बेहद बढ़िया रहते हैं। पारदर्शी परदे के आगे अन्य फैब्रिक का परदा भी लगा सकते हैं। जब चाहे उसे हटा सकते हैं।


◆ परदे तो आपने बहुत बढ़िया खरीद लिए किंतु उन्हें ढंग से नहीं टांगा तो सुंदर लगने के बजाय फूहड़ लगेंगे। इसलिए परदों को सलीके से सिलवा कर ही टांगना चाहिए। यदि वे मोटे हैं तो उनमें प्लीट् बनवाएं किंतु यदि वे हल्के हैं तो उनमें प्लीट्स की कोई आवश्यकता नहीं है।

◆ अब आती है फर्नीचर की बारी। फर्नीचर भी हर तीसरे चौथे साल नहीं बदला जा सकता, इसलिए ध्यान रखें जब भी अपहोलस्ट्री यानी कि गद्दियां कुशन कवर आदि बदलें तो सोच समझकर ही उनके रंग, फैब्रिक आदि का चुनाव करें जिससे फर्नीचर को एकदम नया लुक मिले।

◆ फर्नीचर में सबसे आगे नाम आता है सोफे का। अब सोफे को हर साल बदलवा भी नहीं सकते। लकड़ी के सोफे की वार्निश करवा सकते हैं। इससे उसे नयापन तो मिलता ही है, मजबूती भी मिलती है। सोफे का कपड़ा बदलवा सकती हैं जिससे उसे और मजबूती मिलती है। कुशन जहां सोफे की सुंदरता में इजाफा करते हैं वहीं बैठने में भी सहारा प्रदान करते हैं। जूट, रबर, फोम, और स्प्रिंग कुशंस आदि कई वैराहटी बाजार में उपलब्ध हैं। यह आपके बजट और आपकी पसंद पर निर्भर करता है कि आप क्या खरीदेंगी।

◆ टेबल-मैट्स भी ड्राइंगरूम की खूबसूरती बढ़ाने में पीछे नहीं हैं। टेबल मैट भी सस्ते और महंगे हर तरह के बाजार में मौजूद है। एक सस्ते टेबल मैट को भी आप खूबसूरत लुक दे सकती है। टेबल मैट आपकी मेज को सुरक्षित तो रखता ही है, साथ ही उसकी शोभा भी बढ़ाता है।

◆ परदे नये टंगवा लिए, सोफे के कवर भी नए बनवा लिए किंतु इनकी साफ-सफाई पर यदि ध्यान नहीं दिया जायेगा तो ये जल्दी ही पुराने लगने लगेंगे। इसलिए अपने घर को नया लुक देने के लिए उसकी साफ-सफाई को न भूलें। (उर्वशी)



# सफलता के लिए समय के साथ बढ़ाएं कदम

सुनीता गाबा

बहुत से लोग खुद को हमेशा कामों में उलझाए रहते हैं और ओवर वर्क्ड बने रहते हैं। हर समय सारा काम का बोझ अपने पर लेना भी ठीक नहीं है। यदि आप सफल बनना चाहते हैं तो समय का सदुपयोग करें न कि हर समय काम में उलझें रहें और सफलता फिर भी प्राप्त न हो।

- समय के साथ कदम बढ़ाएंगे तो सफलता आपके कदम चूमेंगी। अपने समय को इस प्रकार सुयोजित करें ताकि आपको काम के प्रबंधन में आसानी रहे।
- हर दिन की योजना बनाएं और उसी के अनुरूप चलें।
- अपने कामों की लिस्ट कामों की महत्ता अनुसार बनायें और उसे निपटाना आपके हाथों में है।
- कम आवश्यक कामों को अंत में कम महत्त्व देते हुए करें।
- जो भी काम करें, 100 प्रतिशत लगन से करें ताकि उस काम को दुबारा न करना पड़े।
- बड़े-बड़े अधिक समय लेने वाले कामों को हिस्सों में बांट लें व बीच में कुछ हल्का काम कर लें ताकि एक काम से दिल ऊब न जाए।
- अपने किए हुए कामों पर नजर दौड़ाएं ताकि यह देख सकें कि समय का सही सदुपयोग आप कर पा रहे हैं या नहीं।
- रास्ते में आने वाली बाधाओं से दूर रहें ताकि गुमराह न हो सकें।
- अपनी सेहत का ध्यान रखें। नींद पूरी लें। पौष्टिक आहार लें। व्यायाम अवश्य करें। इन सब चीजों का रूटीन बना कर रखें।
- जब भी ब्रेक की आवश्यकता पड़े, ब्रेक अवश्य लें नहीं तो बोर होकर आप आगे का काम नहीं कर पाएंगे। (उर्वशी)

# यूं करिए अपनी आंखों का मेकअप

पूनम दिनकर

आंखें मन का आईना होती हैं, जो बिन बोले बहुत कुछ बता देती हैं। हर स्त्री की आंखें तो 'मृगनयनी' सी नहीं होती परन्तु कुछ कोशिश व सुघड़ता से अपने नयनों में निखार लाया जा सकता है। अगर आप भी अपनी आंखों में निखार लाना चाहती हैं तो आजमाइए इन उपायों को–

आंखों के ऊपरी मेकअप से पहले आप अपनी आंखों की नियमित देखभाल सुरक्षा तथा पोषण पर ध्यान अवश्य दें। इसके लिए 24 घंटे में कम से कम 6 घंटे की सुकून भरी नींद, मंद प्रकाश में आंखों पर जोर न पड़ने देना, स्वच्छता रखना तथा पौष्टिक आहार का सेवन करना, ये अति महत्त्वपूर्ण बिन्दु हैं जो नेत्रों की ज्योति व जीवन में सहायक हैं।



आंखों के मेकअप से पहले फाउंडेशन की एक हल्की परत भली भांति फैलाकर एकसार कर लें। यदि आंखों पर कालिमा हो तो कंसीलर का प्रयोग करें परन्तु ध्यान रहे कि यह भाग शेष चेहरे से मेल खाता हो।

गर्मी के मौसम में प्रसाधन सामग्री पाउडर वाली ही लें। लाइनर का प्रयोग दिन में ऊपरी पलक पर बहुत पतली रेखा के रूप में करें। निचली पलक को ऐसे ही रहने दें। आजकल यही प्रचलन भी है। रात्रि में दोनों ओर लाइनर लगाएं। यदि आंखें अधिक दूर-दूर हों तो लाइनर पलकों के एकदम अंदर कोर के भी अंदर से शुरू करें ताकि दूरी कम लगे। अधिक निकट स्थित आंखों के माध्यम से शुरू करें। छोटी आंखों पर लाइनर मध्य में थोड़ी मोटी रेखा के रूप में बनाएं। सर्दी के दिनों में दिन में भी लाइनर दोनों ओर लगाया जा सकता है।

सर्दियों में क्रीम, फ्रास्टेड प्रसाधन व गहरे रंग का ही शैडो प्रयोग करें।

बारिश के मौसम में आंखों का मेकअप बहुत सावधानी से करें। लाइनर का तरल व पाउडर दोनों रूप में प्रयोग करें जो कई रंगों में उपलब्ध हैं। आई शैडो भी 'क्रीम' प्रयोग करें। मस्कारा उच्च कोटि का रंगहीन अथवा 'वाटरप्रूफ' ही प्रयोग करें वरना चेहरे पर फैल जाता है। अधिक हो तो कोल्ड क्रीम को अंगुली पर फैला कर 'आई लैश ब्रश' से पलकों को संवार दें।


गर्मी के वक्त पाउडर, आई शैडो जो 'फ्रोस्टेड' हो, का प्रयोग करें। गीले या सूखे शैडो ब्रश की मदद से अपनी पलकों के, नाक की ओर के छोर से आंखों के बाहरी कोने तक मत्स्याकार देते हुए शैडो लगाएं। सूखने दें तथा रूई से एकसार कर लें। दो रंगों का सामंजस्य भी सूखने पर रूई से स्थापित करें। गर्मियों में शैडो को लाइनर के रूप में भी प्रयोग कर सकती हैं। पतली नोक वाली ब्रश से शैडो की रेखाएं बनाएं। ऊपरी व निचली दोनों पलकों पर हल्के-से काजल से और निखार लाएं।

आंखों के साथ भौंहें भी आकार में हों। उन पर उपयुक्त रंग की पेंसिल से स्ट्रोक दें, ब्रुश से संवार दें। समुचित प्रकाश व हाथ के शीशे की निकटता में ही मेकअप करिए। विशेष अवसरों पर कुछ अलग दिखने के लिए लाइनर का परंपरागत काला रंग त्यागकर ब्लू या ब्राउन रंग से आंखें सजाइए। (उर्वशी)

# जरूरी है वॉशरूम की उचित देखभाल

सुनीता गाबा

वॉशरूम का प्रयोग दिन में हम कई बार करते हैं। अगर वॉशरूम से बदबू आ रही हो या गंदा हो तो मजबूरी में हम प्रयोग तो करते हैं पर बड़ा बुरा लगता है। वॉशरूम को कीटाणुमुक्त ताजगी से भरा और सुगंधित रखना हम सबका कर्तव्य है। कुछ अतिरिक्त मेहनत और ध्यान रख हम इसे साफ सुथरा बना सकते हैं।



❈ जब भी वॉशबेसिन का नल खोलकर साबुन से हाथ धोएं, हाथ धोकर नल बंद करने से पूर्व नल पर लगे साबुन को साफ करें ताकि नल पर साबुन की झाग न जमी रहे।

❈ कमोड को गंदा न करें। कमोड प्रयोग करने से पूर्व कमोड की सीट को उठा दें। प्रयोग करने के बाद फ्लश करें। फ्लश करते समय ढक्कन बंद कर दें ताकि कमोड के सूक्ष्म छींटे और कीटाणु बाहर निकल कर वॉशरूम को प्रदूषित न कर सकें।

❈ खाना खाने के बाद जब वॉशबेसिन में कुल्ला करें तो ध्यान रखें कि मुंह से निकले खाने के कण पानी की सहायता से बह जाए। वाशबेसिन में न पड़े रहें।

❈ जब भी शौच जाएं, अपने हाथ अवश्य धोएं और सुखाएं भी। गीले हाथ वॉशरूम के हैंडल और दरवाजे पर लग कर उन्हें खराब कर सकते हैं।

❈ सार्वजनिक शौचालयों का प्रयोग भी उसी प्रकार करें जैसे घर के शौचालय का करते हैं। विशेष कर जब भी पुरूष मूत्रा त्यागें, ध्यान दें फर्श पर मूत्रा की बूंदें न गिरें। गिरने से फर्श तो गंदा होगा ही, दुर्गन्ध भी बढ़ेगी।

❈ नहाने के उपरांत साबुन, शैंपू, बॉडीवाश, जूना सब उचित स्थान पर वापिस रखें। ❈ बाल्टियों और मग को उलटा कर रखें ताकि बचे हुए पानी में संक्रमण पनपने न पाएं।

❈ अगर स्टैंडिंग पोंछा है या वाइपर से पोंछा से लगाते हैं तो काम खत्म करने पर उसके हैंडल को खड़ा रखें। स्टैंडिंग पोंछे को धूप में सुखाएं, वाइपर वाले पोंछे को सुखा कर रखें। अगर धूप घर पर नहीं आती तो कीटाणुनाशक दवा से साफ कर सूखे स्थान पर रखें।

❈ बाथरूम में अगर बाथटब है और नियमित प्रयोग कर रहे हैं तो उसका पानी निकाल कर उसे सुखा दें। प्लास्टिक के परदे को पोंछ दें ताकि उसका अतिरिक्त पानी बाथटब और फर्श को खराब न कर सके। (उर्वशी)

# क्यों हिंसक हो जाते हैं पति?

उषा जैन 'शीरीं'

निम्नवर्गीय तबके में पतियों का पत्नी को पीटना एक आम बात है। इसमें किसी को कोई आश्चर्य नहीं होता, कोई शॉक नहीं लगता। यह सब रूटीन है उन लोगों के लिए। इस वर्ग की औरतें भी पिट-पिट कर पक्की हो जाती हैं और उसे बुरा नहीं समझती। आखिर पति है, दो चार लात घूंसे लगा भी दिये तो क्या हुआ। यह तो हुआ वे जब वे होश में रहते हैं। पीकर नशे में वे औरतों पर जो जुल्म करते हैं उनका तो जिक्र ही क्या। नशे में आदमी वैसे भी जानवर बन जाता है।

यहां उसमें बसा पारंपरिक पति इसे अपना अधिकार मान ही पत्नी की पिटाई कर रहा होता है। उसने अपने परिवार में पिता, भाई, चाचा, दादा सभी मर्दों को यही करते देखा है इसलिए महज परंपरा का निर्वाह करते हुए अपने पौरूष को प्रदर्शित करवाने की मानसिकता ही यहां कारण है।

कई बार सास बहू की आपस में न पटने पर सास बेटे को बहू के खिलाफ भड़का कर पिटवाती है। कई बार विवाहेत्तर संबंध या दूसरी औरत भी कारण बन जाते हैं।

निम्नवर्ग में जहां इस तरह की वारदातों पर पर्दा नहीं डाला जाता, वहीं उच्च और मध्यम वर्ग के लोग इस तरह की बातों को छिपा जाते हैं।

इधर जब से नारी शिक्षा के प्रचार प्रसार के कारण स्त्रियों में जागरूकता बढ़ी है, ज्यादा से ज्यादा स्त्रियां घर से बाहर कार्य कर नौकरीपेशा बन रही हैं। उनमें आत्मसम्मान बढ़ा है, आर्थिक स्वतन्त्रता के कारण आत्मविश्वास जागा है। पुरूष को यह बात असहनीय लगने लगी है। उसकी सोच आज भी वही पुरातनपंथी ही है। स्त्री को वह महज अपने सुख का साधन मानकर ही चलता है।

पढ़ी लिखी, उच्च ओहदों पर कार्यरत स्त्रियां भी पति की हिंसा चुपचाप झेल जाती हैं। अपनी बेइज्जती की कहानी की वे किसी को हवा तक नहीं लगने देती। स्त्री शोषण के खिलाफ जुलूस निकालकर नारे लगाना, उपदेश देना और बात है लेकिन पति को हिंसक होते देख वे भीगी बिल्ली बन जाती हैं।



हिंसक पति की पत्नी को तलाक दिलवाना, अलगाव कराकर घर तुड़वाना आसान है लेकिन ऐसी स्त्री की जिम्मेदारी कौन उठाये। यहां सभी ओर अक्सर चुप्पी लग जाती है। अपने पैरों पर खड़ी होकर वह अपना खर्च उठा सकती है लेकिन जीवन में आये एकाकीपन का क्या इलाज है। किस्मत से ही सौ में से दो चार पुनर्विवाह कर सफल जीवन व्यतीत कर पाती हैं, वह भी तब जब पहले पति से संतान न हो।

यह हैरत में डालने वाली बात है कि जहां शिक्षा के प्रसार ने लोगों की सोच विस्तृत कर उनके ज्ञान में वृद्धि की है, उनमें खुलापन, उदारता आई है, वहीं व्यक्ति भीतर से खोखला होता जा रहा है। हिंसा आज समाज को किस कदर अपने शिकंजे में जकड़ती जा रही है यह सर्वविदित है। पत्र पत्रिकाएं, फिल्में, कहानियां, टीवी सीरियल हिंसा से भरपूर मिलेंगे।

इसके अलावा आज की तनाव भरी जिन्दगी, महत्त्वाकांक्षाओं का पूर्ण न होना, पैसे की हवस, नैतिक मूल्यों का ह्रास होना, यह सब व्यक्ति में कुंठाओं को बढ़ा रहा है जिसके चलते पुरूष अपना सारा फ्रस्टेऋशन अपनी पत्नी पर निकालता है क्योंकि वह उसे आसानी से उपलब्ध है, ईजी टारगेट है। उसे ज्ञात है वह सब्र करती है और बाद में उसे जल्दी ही क्षमा भी कर देती है। उसे उससे किसी तरह का भय या खतरा नहीं है।

पत्नी का उससे डरना उसे अपने पौरूष का प्रदर्शन प्रतीत होता है।

पति की हिंसक प्रवृत्ति से निपटने का हर पति पर एक ही फार्मूला नहीं आजमाया जा सकता। उनकी मानसिकता को परखते हुए ही ऐसे में उनसे निपटा जा सकता है। कई पति गीदड़ भभकी देने वाले होते हैं जो अपनी पत्नी का चंडीरूप देख शांत हो जाते हैं। कई पति समाज से डरते हैं। उनकी पत्नी, अगर घर में बड़े बुजुर्ग हैं, उन्हें कह सुन सकती है। बच्चे बड़े होकर मां के लिए ढाल बन सकते हैं। पत्नी की समझदारी ऐसे में सर्वोपरि है। बजाए गुस्से की आग भड़काने के उसे पति को ठंडा करने के गुर आने चाहिए।

और अंत में, जहां पति वहशी दरिंदे बन जाते हैं, संभव हो तो मनःचिकित्सक को दिखाकर उनकी सलाह लें नहीं तो कुछ समय उनसे दूर रहकर उन्हें अपनी अहमियत का पता चलने दें। पति नहीं सुधरें तो अपने पैरों पर खडे.होकर आर्थिक रूप से सक्षम बनें और पति को छोड़कर अलग रहें। जानवर भी पिटने पर प्रतिक्रिया स्वरूप मारनेवाले पर आक्रमण करता है, फिर आप तो इंसान हैं। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: भाखरवाड़ी




भारत देश अपनी विविधता की वजह से ही जाना जाता है। यहां हर राज्य का अपना अलग खाना और अलग पहनावा होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे स्नैक्स के बारे में बताएंगे, जोकि एक प्रिय महाराष्ट्रीयन नाश्ता है, लेकिन इसकी उत्पत्ति गुजरात में हुई है। सुनने में अजीब लगा न, लेकिन ये हकीकत है।

यहां हम बात कर रहे हैं भाखरवाड़ी की, जो कि आज के समय में महाराष्ट्र का सबसे प्रिय स्नैक्स माना जाता है। इसे बारिश के मौसम में चाय के साथ खाने से मौसम का मजा दोगुना हो जाता है, इसलिए लोग इसे बनाकर स्टोर कर लेते हैं। आइए आपको भी इस स्नैक्स को बनाने की विधि बताते हैं।

## भाखरवाड़ी बनाने का सामान

बेसन – 1 कप
मैदा – 1/2 कप
अजवाइन – 1/2 छोटा चम्मच
नमक – स्वादानुसार
तेल – 2 बड़े चम्मच (मोयन के लिए)
पानी – गूंथने के लिए

मसाला तैयार करने के लिए जरूरी सामान

सूखा हुआ नारियल – 1/2 कप
सौंफ – 1 छोटा चम्मच
तिल – 1 बड़ा चम्मच
धनिया पाउडर – 1 छोटा चम्मच
जीरा पाउडर – 1 छोटा चम्मच
अमचूर पाउडर – 1 छोटा चम्मच
हल्का गुड़ कद्दूकस किया हुआ – 1 बड़ा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर – स्वादानुसार



नमक – स्वादानुसार

## विधि

भाखरवाड़ी बनाने के लिए सबसे पहले तो इसका आटा तैयार करना है। इसके लिए एक बड़े से बाउल में बेसन, मैदा, नमक और अजवाइन मिलाएं। इसके बाद इसमें थोड़ा सा तेल डालें और इसे अच्छी तरह से गूंथ लें। जब ये हल्का-हल्का गुंथने लगे तो जरूरत के हिसाब से पानी डालें और आटे को पूरी तरह से गूंथ लें। ध्यान रखें कि इस आटे को आपको टाइट ही गूंथना है। जब ये गुंथ जाए तो आटे को 15-20 मिनट ढककर रख दें।

इसके बाद बारी आती है स्टफिंग तैयार करने की तो उसके लिए सबसे पहले एक पैन में बिना तेल के तिल, सौंफ और सूखा नारियल हल्का भूनें। जब ये भुन जाए तो गैस बंद करके इसे ठंडा होने दें। सभी सामान को ठंडा होने के बाद इसमें गुड़, मिर्च, अमचूर, धनिया-जीरा पाउडर और नमक मिलाएं। अब इसे मिक्सर में डालकर ग्राइंड कर लें, ताकि ये एकदम महीन हो जाए। ये अगर मोटा रहेगा, तो भाखरवाड़ी के रोल सही से नहीं बनेंगे।

जब मिश्रण तैयार हो जाए तो तो अब बारी आती है भाखरवाड़ी तैयार करने की तो उसके लिए तैयार आटे की लोई लेकर उसे पराठे की तरह बेल लें। अब इसपर मसाले को पूरे पर फैलाएं। अब धीरे-धीरे इसे टाइट रोल करें, किनारों को बंद करें।

जब इसका रोल तैयार हो जाए तो उसे एक-एक इंच मोटे टुकड़ों में काट लें और फिर हल्के हाथ से दबा लें। इसके बाद कढ़ाई में तेल गर्म करें और मध्यम आंच पर भाखरवाड़ी के टुकड़े सुनहरा होने तक तलें। जब ये सुनहरा हो जाए तो इसे तेल से निकाल लें और टिश्यू पेपर पर रख लें, ताकि इसमे से अतिरिक्त तेल निकल जाए। इसे आप एक महीने तक स्टोर करके रख सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आठ बांग्लादेशी घुसपैठियों को असम से वापस भेजा गया : हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि असम के दक्षिण सलमारा से आठ बांग्लादेशी घुसपैठियों को उनके देश वापस भेज दिया गया है। शर्मा ने कहा कि राज्य पुलिस घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा पर कड़ी निगरानी रख रही है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अवैध घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है। कल रात सलमारा पुलिस ने आठ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेज दिया। असम पुलिस भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने की इन सभी कोशिशों को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी रख रही है। असम पुलिस ने बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे अवैध प्रवासियों, विशेषकर बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ राज्यव्यापी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दिल्ली में सितंबर में सीएम श्री स्कूलों का उद्घाटन होने की संभावना

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार सितंबर में सीएम श्री स्कूलों का उद्घाटन कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों के संचालन की तैयारियां तेज की जा रही हैं। इस साल की शुरुआत में घोषित इस पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। अधिकारी ने कहा, सीएम श्री स्कूलों का संचालन सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है। चुने गए ज़्यादातर स्कूल निर्माणाधीन हैं। इससे पहले, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा था कि सरकार ने सीएम श्री मॉडल के तहत विकसित किए जाने वाले 75 स्कूलों को अस्थायी रूप से चुन लिया है। सूद ने कहा, ये स्कूल जल्द ही काम करना शुरू कर देंगे और इन्हें चालू करने की तैयारी जारी है।

### दिल्ली दंगा : अदालत ने आगजनी और डकैती के छह आरोपियों को बरी किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एक मामले में छह लोगों को बरी कर दिया और कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ अपना मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह छह लोगों के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिन पर गैरकानूनी रूप से एकत्र होने, दंगा, डकैती और आगजनी सहित विभिन्न अपराधों का आरोप लगाया गया था। न्यायाधीश ने 23 जुलाई के आदेश में कहा, ''मैंने पाया है कि अभियोजन पक्ष की कहानी में गंभीर विसंगतियां हैं जो अभियोजन पक्ष के साक्ष्य के दौरान सामने आईं, और अभियोजन पक्ष उन्हें स्पष्ट करने में विफल रहा।'' उन्होंने कहा, ''इस प्रकार, मैं पाता हूं कि अभियोजन पक्ष किसी भी आरोपी के खिलाफ लगाए गए किसी भी आरोप को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। इसलिए सभी आरोपियों को उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है।''

### कारगिल विजय दिवस: जम्मू कश्मीर के डोडा में 50 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया

**जम्मू :** वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि स्वरूप शनिवार को जम्मू कश्मीर के डोडा जिले के थाथरी कस्बे में 50 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कारगिल युद्ध के नायकों के प्रति सम्मान और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में थाथरी में ध्वज को कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक विशेष समारोह में फहराया गया। डोडा के जिला विकास आयुक्त हरविंदर सिंह ने नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सर्वोच्च बलिदान की सराहना की तथा उन्हें पूरे राष्ट्र के लिए साहस और देशभक्ति का शाश्वत प्रतीक बताया। इस स्मृति समारोह में वरिष्ठ नागरिक, सैन्य और पुलिस अधिकारी, पूर्व सैनिक, छात्र और क्षेत्र के निवासी उपस्थित थे। युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा राष्ट्रगान और देशभक्ति के गीतों से पूरा आयोजन स्थल राष्ट्रभक्ति में डूब गया।

# मालदीव से सीधे तमिलनाडु पहुंचे पीएम मोदी

## 4900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया



**तूतीकोरिन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तमिलनाडु में 4,900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं तमिलनाडु में हवाई अड्डे, राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाह और बिजली से संबंधित हैं। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें एक नया अत्याधुनिक तूतीकोरिन हवाई अड्डा टर्मिनल भवन शामिल है, जिसे लगभग 450 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया गया है। नये टर्मिनल का निर्मित क्षेत्रफल 17,000 वर्ग मीटर से अधिक है और इसमें संबद्ध बुनियादी ढांचा भी है, जिसमें एक नया एटीसी टावर सह तकनीकी ब्लॉक, बड़े विमानों को समायोजित करने के लिए मौजूदा 1,350 मीटर से 3,115 मीटर तक रनवे का विस्तार शामिल है। नया हवाई अड्डा टर्मिनल प्रतिवर्ष 20 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम है, जो मौजूदा क्षमता से छह गुणा अधिक है। रेलवे परियोजनाओं के संबंध में, इसमें 90 किलोमीटर लंबी मदुरै-बोदिनायक्कनूर लाइन का विद्युतीकरण शामिल है, जिसे 99 करोड़ रुपये की लागत से चालू किया गया है। लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से 21 किलोमीटर लंबे नागरकोइल टाउन-कन्नियाकुमारी खंड का दोहरीकरण, 283 करोड़ रुपये की लागत से अरलवायमोझी-नागरकोइल जंक्शन (12.87 किमी) और तिरुनेलवेली-मेलापलायम (3.6 किमी) खंड का दोहरीकरण अन्य परियोजनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दो राजमार्ग परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-36 के 50 किलोमीटर लंबे सेठियाथोप-चोलापुरम खंड को 4 लेन का बनाना, जिसका निर्माण 2,350 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है, तथा एनएच-138 तूतीकोरिन पोर्ट रोड का 5.16 किलोमीटर लंबी छह लेन का बनाना, जिसका निर्माण लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है।

# मराठी में नामपट्टिका न लगाने पर 65 प्रतिष्ठानों को नोटिस

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिला प्रशासन ने 65 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों को अपने नामपट्टिकाओं पर मराठी भाषा में नाम नहीं लिखने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई उन रिपोर्टों के बाद की गई है जिनमें बताया गया था कि कई होटल, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि श्रम उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले भर में कई स्थानों पर विशेष अभियान शुरू किया गया। इसमें कहा गया है, विभिन्न टीमों ने नामपट्टिकाओं में प्रयुक्त भाषा की जांच के लिए अभियान शुरू किया। जिन प्रतिष्ठानों ने मराठी में नामपट्टिकाएं प्रदर्शित नहीं की थीं, उनकी पहचान की गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बाद प्रवर्तन टीमों ने ऐसे 65 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए। इन व्यवसायों को निर्धारित मानदंडों का पालन करते हुए तुरंत अपनी नामपट्टिका बदलने का निर्देश दिया गया। इसमें कहा गया कि ऐसा न करने वालों पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रम उपायुक्त विजय चौधरी ने कहा कि निरीक्षण अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने जिले भर के सभी व्यवसाय मालिकों से अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### व्हाट्सएप ग्रुप में मराठी में जवाब देने के लिये दबाव देने पर छात्र पर हमला, चार के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** नवी मुंबई में व्हाट्सएप ग्रुप में मराठी में बातचीत करने पर जोर देने के कारण एक छात्र पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में उसके चार सहपाठियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में 20 वर्षीय सूरज पवार ने कहा कि मंगलवार को वाशी स्थित मोतीलाल झुनझुनवाला कॉलेज (जहां वे पढ़ते हैं) के बाहर उसपर हॉकी स्टिक से हमला किया गया। वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पवार ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में अपने परिवार के एक सदस्य की शादी का निमंत्रण साझा किया था। जब उसके सहपाठी फैजान नाइक ने हिंदी में जवाब दिया तो पवार ने पूछा कि उसने मराठी में क्यों नहीं लिखा, जिससे बहस शुरू हो गई।

## राष्ट्र के विकास के लिए भारतीय दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रणाली आवश्यक: मोहन भागवत

कोच्चि : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि देश में शिक्षा प्रणाली औपनिवेशिक विचारों के दीर्घकालिक प्रभाव में विकसित हुई है और एक विकसित राष्ट्र के लिए भारतीय दर्शन पर आधारित एक विकल्प तैयार करने की आवश्यकता है। आरएसएस से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक के दूसरे दिन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि इसके लिए दृष्टिकोण गंभीर, यथार्थवादी और पूरी तरह भारतीय आधार वाला होनी चाहिए। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उन्हें अपने काम में निपुण होना चाहिए, दूसरों के लिए मिसाल बनना चाहिए और आपसी अच्छे संबंध बनाने चाहिए ताकि सब मिलकर देश को आगे ले जा सकें। बयान में यह भी कहा गया कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास रविवार शाम को यहां राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन 'ज्ञान सभा' का आयोजन करेगा, जिसे भागवत संबोधित करेंगे। संगठन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन सोमवार को होगा। एक बयान में संगठन ने दावा किया कि भारतीय दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रणाली सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी। यह बयान शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कोठारी ने संगठन की राष्ट्रीय चिंतन बैठक के दूसरे दिन पिरावम के वेल्यानाड में 'चिन्मय इंटरनेशनल फाउंडेशन' के मुख्यालय आदि शंकरा निलयम में दिया।

## सेवानिवृत्ति के बाद परामर्श और मध्यस्थता करूंगा, कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा: सीजेआई गवई



**अमरावती :** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने शनिवार को कहा कि वह अपनी सेवानिवृत्ति के बाद परामर्श और मध्यस्थता का कार्य करेंगे तथा कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे। वह अमरावती जिला एवं सत्र न्यायालय में दिवंगत टी.आर. गिल्डा मेमोरियल ई-लाइब्रेरी के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''मैंने पहले भी कई मौकों पर घोषणा की है कि 24 नवंबर के बाद मैं कोई भी सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा। मैं परामर्श और मध्यस्थता का कार्य करूंगा।''प्रधान न्यायाधीश गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।गवई ने अमरावती स्थित अपने पैतृक गांव दारापुर में अपने पिता और केरल तथा बिहार के पूर्व राज्यपाल आर.एस. गवई की समाधि पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।प्रधान न्यायाधीश अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने गांव में पिता की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए थे। गवई ने दारापुर गांव के रास्ते पर बनने वाले भव्य द्वार की शुक्रवार को आधारशिला भी रखी। प्रवेश द्वार का नाम आर.एस. गवई के नाम पर रखा गया है, जिन्हें प्यार से दादासाहेब गवई कहा जाता था।

## किसानों ने दूध की कम कीमत व भाजपा के 'नियंत्रण' का मुद्दा उठाया;राहुल बोले,मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा



**आणंद :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात के डेरी किसानों को आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उनके साथ खड़े रहेंगे, जिनमें दूध के लिए लाभकारी मूल्य का अभाव और इस क्षेत्र पर सत्तारूढ़ भाजपा का नियंत्रण शामिल है। राज्य के एक दिवसीय दौरे पर गांधी ने सहकारी क्षेत्र के नेताओं और विभिन्न दुग्ध संघों और डेरियों के सदस्यों के साथ बैठक की। यह बैठक दूध खरीद मूल्यों को लेकर हिम्मतनगर शहर में साबर डेरी के बाहर डेरी किसानों द्वारा हाल ही में आयोजित विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में की गई। कांग्रेस प्रवक्ता हिरेन बैंकर ने बैठक के बाद कहा, राहुल गांधी ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने डेरी किसानों से कहा कि अमूल एक आंदोलन के रूप में शुरू हुआ था और उन्हें डेरी क्षेत्र को एक पार्टी के नियंत्रण से मुक्त करने के लिए आंदोलन शुरू करना होगा। बैंकर ने बताया कि डेरी किसानों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को दिए अपने ज्ञापन में कहा कि उन्हें दूध के लिए लाभकारी मूल्य पाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैंकर ने कहा, उन्होंने राहुल जी को बताया कि गुजरात में डेरी क्षेत्र की सहकारी समितियों पर भाजपा का पूरा नियंत्रण है। वे ही दाम तय करते हैं। किसानों ने उनसे कहा कि उन्हें वही करना पड़ता है जो एजेंट उनसे कहते हैं। किसानों ने कहा कि डेरी उद्योग में सिर्फ भाजपा से जुड़े लोगों को ही नौकरी मिलती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि गांधी ने किसानों से संघर्ष करने को कहा और उनके संघर्ष में उनके साथ खड़े रहने का वादा किया।

# ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया: थलसेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी



**द्रास (करगिल) :** थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए हमलों ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। जनरल द्विवेदी ने यहां करगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक संदेश था और साथ ही यह पूरे देश (भारत) को गहरा जख्म देने वाले पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब भी था था। इस बार भारत ने न केवल शोक व्यक्त किया बल्कि यह भी दिखाया कि जवाब निर्णायक होगा।'' सेना प्रमुख ने विजय दिवस पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन को कड़ा जवाब देना भारत के लिए अब सामान्य बात है।उन्होंने कहा, ''देशवासियों द्वारा दिखाए गए विश्वास और सरकार द्वारा दी गई खुली छूट के कारण भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। कोई भी ताकत जो भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने या लोगों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उसे करारा जवाब दिया जाएगा। यह भारत के लिए अब सामान्य बात है।'' जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने निर्दोषों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पाकिस्तान में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया।उन्होंने कहा, ''भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर निर्णायक जीत हासिल की। सेना ने आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया और निर्णायक जीत हासिल करने के लिए पाकिस्तान के अन्य आक्रामक प्रयासों को विफल किया।''

### करगिल विजय दिवस हमारे सैनिकों के अद्वितीय साहस की याद दिलाता है: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए शनिवार को कहा कि यह दिवस करगिल के पहाड़ों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने में भारतीय सशस्त्र बलों की सफलता का प्रतीक है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''देशवासियों को करगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के जवानों का मातृभूमि के लिए मर-मिटने का जज्बा हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

## एडीएम के हिंदी में जवाब देने पर अदालत ने पूछा, अंग्रेजी नहीं आती तो पद कैसे संभालेंगे?

**नैनीताल :** एक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) द्वारा जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हिंदी में जवाब देने पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के दो शीर्ष अधिकारियों से यह पता लगाने को कहा है कि क्या एक अधिकारी जिसे अंग्रेजी का ज्ञान नहीं है, वह किसी कार्यकारी पद पर प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। मुख्य न्यायाधीश गुहानाथन नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक माहरा की खंडपीठ ने जब पूछा कि उन्होंने अंग्रेजी के बजाय हिंदी क्यों चुनी, तो अधिकारी ने कहा कि वह (अंग्रेजी) भाषा समझ तो सकते हैं, लेकिन धाराप्रवाह बोल नहीं सकते। इस पर पीठ ने राज्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्य सचिव से यह पता लगाने को कहा कि क्या एडीएम स्तर का अधिकारी, जिसे अंग्रेजी का ज्ञान नहीं है, किसी कार्यकारी पद पर प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। संबंधित एडीएम नैनीताल के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी भी हैं। उच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्य सचिव को 28 जुलाई को जनहित याचिका की अगली सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उपस्थित होकर प्रश्न का उत्तर देने को कहा। यह स्थिति नैनीताल जिले के बुधलाकोट ग्राम सभा में पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची में बाहरी लोगों के नाम शामिल करने पर सवाल उठाने वाली जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान उत्पन्न हुई। इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए उच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग से ऐसे व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए इस्तेमाल किए गए मानदंडों पर सवाल उठाया। अदालत ने पूछा कि किस आधार पर इन व्यक्तियों की पहचान उस क्षेत्र के निवासी के रूप में की गई।

## मप्र: परिवार के चार सदस्यों ने सल्फास की गोलियाँ खाकर आत्महत्या की

**सागर :** मध्यप्रदेश के सागर जिले में शनिवार को 45 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो किशोर बच्चों सहित एक परिवार के चार सदस्यों ने कथित तौर पर सल्फास की गोलियाँ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने संवाददाताओं को बताया कि मृतकों की पहचान मनोहर लोधी, उनकी बेटी शिवानी (18) और बेटे अंकित (16) तथा उनकी दादी फूलरानी लोधी (70) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि यह घटना सागर जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर तेहर गाँव में हुई। अधिकारी ने बताया कि फूलरानी और अंकित की मौके पर ही मौत हो गई तथा शिवानी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मनोहर लोधी को सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। दांगी ने कहा कि आत्महत्या के पीछे के कारण की जांच की जा रही है।उन्होंने बताया कि मनोहर लोधी की पत्नी कुछ दिन पहले अपने मायके गई थीं।इस बीच, परिवार के सदस्य नंदराम सिंह लोधी ने बताया कि उन्होंने अपने भाई मनोहर को तड़के करीब तीन बजे उल्टी करते देखा जिसके बाद उन्होंने अपने पड़ोसी को सूचना दी और एम्बुलेंस बुलाई।

## रुद्रप्रयाग में भारी बारिश के बीच 1,600 से अधिक तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाला गया



**देहरादून :** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में रात भर हुई भारी बारिश के कारण गौरीकुंड के पास केदारनाथ जाने वाले पैदल मार्ग पर बड़े-बड़े पत्थर गिरने और मार्ग अवरुद्ध होने की वजह से 1,600 से अधिक चारधाम तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि जिले के कई गांवों में करीब एक दर्जन घरों में पानी और गाद घुस गया है। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य सुबह छह बजे से शुरू हो गया और अब भी जारी है। सुमन ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सुमन ने बताया, रात एक बजे से चार बजे के बीच ज़िले में लगातार बारिश हुई, जिससे नदियां उफान पर आ गई और उनका पानी चामेली और रुमसी, चमराड़ा टोक और विजयनगर क्षेत्र के करीब दस मकानों में घुस गया। कई सड़क भी टूट गईं। गौरीकुंड के घोड़ा पड़ाव से लगभग 50 मीटर की दूरी पर केदारनाथ पैदल मार्ग का लगभग 30 मीटर हिस्सा भारी पत्थरों और मलबे से अवरुद्ध हो गया, जिसके बाद ज़िला प्रशासन, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) और अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने तुरंत वहां राहत कार्य शुरू कर दिया।

### लोकसभा में सोमवार से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा शुरू होगी, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाग लेने की संभावना है। इस विशेष चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और ऐसे में यह चर्चा तीन दिन तक चल सकती है।चर्चा के दौरान विपक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क करने के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर विचार हुआ।

### त्रिपुरा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो संदिग्ध बांग्लादेशी तस्करों को मार गिराया गया

**अगरतला :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने त्रिपुरा के दक्षिणी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेश के दो संदिग्ध तस्करों को मार गिराया। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की गोलीबारी में एक अन्य बांग्लादेशी घायल हो गया जबकि भारत के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार तड़के अमजदनगर में हुई। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, बीएसएफ के जवान सीमा पर कड़ी निगरानी रख रहे थे, तभी उन्होंने तस्करी का एक प्रयास होते देखा।

# संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से सरकार से अधिक विपक्ष को नुकसान : किरेन रीजीजू



**नयी दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से विपक्ष को अधिक नुकसान होता है, क्योंकि वह सरकार को जवाबदेह ठहराने का महत्वपूर्ण अवसर खो देता है।यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब मानसून सत्र के पहले हफ्ते में विपक्षी सांसदों के बार-बार विरोध प्रदर्शन के कारण कोई विशेष कामकाज नहीं हो सका।'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन' द्वारा आयोजित संसद रत्न पुरस्कार समारोह में रीजीजू ने याद दिलाया कि कैसे नौकरशाह संसद स्थगित होने पर कभी-कभी राहत महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं आपको बता दूं कि जब संसद नहीं चलती तो अधिकारी राहत महसूस करते हैं क्योंकि उन्हें सवालों से छुटकारा मिल जाता है। संसद में सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। जब सदन चलता है, तो मंत्रियों को कठिन सवालों का सामना करना पड़ता है। जब सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट में स्थगित हो जाती है, तो वे सवाल भी नहीं उठते। संसद की कार्यवाही बाधित होने से सरकार से अधिक नुकसान विपक्ष को होता है।'' रीजीजू ने कहा, ''सदन की कार्यवाही बाधित करने वालों को लगता है कि वे सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन वास्तव में, वे लोकतंत्र में अपनी भूमिका को कमजोर कर रहे होते हैं।'' संसदीय जवाबदेही के महत्व पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा, ''किसी भी लोकतंत्र में, सरकार को संसद के माध्यम से जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। इसलिए, एक सुचारू लोकतंत्र के लिए सदन की कार्यवाही चलने देना जरूरी है।'' संसद में अपने सफर पर रीजीजू ने कहा कि उन्होंने विपक्षी सांसदों को कभी विरोधी नहीं माना। उन्होंने कहा, ''हम सभी सहयोगी हैं। 2014 से पहले, मेरा ज़्यादातर संसदीय जीवन विपक्ष की तरफ बीता है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता हो सकती है, लेकिन शत्रुता नहीं है।'' रीजीजू ने कहा कि विकसित देशों के सांसदों की तुलना में भारतीय जनप्रतिनिधियों पर अनुचित बोझ है। उन्होंने कहा, ''वहां एक सांसद लगभग 66,000 लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां यह संख्या 20 लाख से ज़्यादा है।

## मणिपुर: इंफाल घाटी के पांच जिलों से 90 आग्नेयास्त्र, 728 कारतूस और विस्फोटक जब्त



**इंफाल :** मणिपुर के पांच जिलों में सुरक्षाबलों ने शनिवार को कम से कम 90 आग्नेयास्त्र और 700 से अधिक कारतूस एवं विस्फोटक जब्त किए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब्त किए गए कई आग्नेयास्त्र कथित तौर पर मई 2023 में राज्य में जातीय संघर्ष भड़कने के बाद पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए थे। इस संबंध में पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इंफाल पूर्वी, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान शुरू किया गया। मणिपुर पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान 90 अग्नेयास्त्र जब्त किए गए, जिनमें एके सीरीज की तीन राइफल, एक एम16 राइफल, पांच इंसास राइफल, एक इंसास एलएमजी, चार एसएलआर, 20 पिस्तौल, चार कार्बाइन, सात .303 राइफल और आठ अन्य राइफल शामिल हैं। इसमें कहा गया, ''कुल 728 कारतूस और विस्फोटकों में 21 ग्रेनेड तथा छह आईईडी शामिल हैं। इसके अलावा 21 मैगजीन और 24 वायरलेस हैंडसेट भी जब्त किए गए।'' राज्य पुलिस मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान, जोन द्वितीय के पुलिस महानिरीक्षक कबीब के ने कहा, ''जब्त किए गए कुछ हथियार कथित तौर पर हमारे पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए थे।'' राज्य में तीन मई 2023 को जातीय हिंसा भड़कने के बाद शरारती तत्वों ने विभिन्न पुलिस शस्त्रागारों से 6,000 से अधिक आग्नेयास्त्र लूट लिए थे। लूटे गए आग्नेयास्त्रों में से 3,000 से अधिक बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें 1500 ऐसे हथियार हैं जो इस वर्ष फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद बरामद किए गए।

# गिल और राहुल की अर्धशतकीय साझेदारी से भारत को राहत, स्कोर 174/2

- चौंथे टेस्ट के चौंथे दिन भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दिखाई मजबूत वापसी
- 669 पर ऑलआउट हुई इंग्लैंड की टीम
- इंग्लैंड से भारत 137 रन पीछे




**मैनचेस्टर :** शुभमन गिल (नाबाद 78) और केएल राहुल (नाबाद 87) की बेहतरीन अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत भारत ने चौथे टेस्ट के चौथे दिन स्टंप तक दो विकेट पर 174 रन बना लिए। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 174 रनों की अटूट साझेदारी कर भारत को शुरुआती झटकों से उबारा। इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान बेन स्टोक्स (141) की शतकीय पारी से पहली पारी में 669 रन बनाए और भारत पर 311 रन की बढ़त हासिल की। भारत की दूसरी पारी की शुरुआत बेहद खराब रही, जब पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल और बी. साई सुदर्शन शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद गिल और राहुल ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए अंतिम दो सत्रों में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने शुरुआत में पिच से मदद ली, लेकिन धूप निकलने के साथ बल्लेबाजी आसान हो गई। गिल को एक जीवनदान भी मिला जब वह 46 रन पर थे। उन्होंने आक्रामक स्ट्रेट और कवर ड्राइव से पारी को गति दी, वहीं राहुल ने मजबूत रक्षात्मक तकनीक का प्रदर्शन किया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिए, लेकिन अपने टेस्ट करियर में पहली बार 100 से ज्यादा रन दिए। स्टोक्स ने इस मैच में शतक और पांच विकेट लेकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की और वह 7000 रन और 200 विकेट पूरे करने वाले इंग्लैंड के तीसरे खिलाड़ी बने। अब भारत इंग्लैंड से 137 रन पीछे है और मैच का अंतिम दिन रोमांचक हो सकता है।

## कोहली, रोहित और अश्विन के बाद बुमराह ले सकते हैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास: कैफ

**नयी दिल्ली :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के बाद जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अगले क्रिकेटर हो सकते हैं क्योंकि दुनिया के नंबर एक गेंदबाज का शरीर साथ नहीं दे रहा। इकतीस वर्षीय बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट के तीसरे दिन लय में नहीं दिखे और 28 ओवर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जैमी स्मिथ का एकमात्र विकेट लिया। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने कैफ ने 'एक्स' पर एक वीडियो में पोस्ट किया, ''मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में खेलते हुए नहीं दिखेंगे और यह भी संभव है कि वह संन्यास ले लें।'' उन्होंने कहा, ''विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन भी संन्यास ले चुके हैं। और अब लगता है, बुमराह की बारी है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को शायद इसकी आदत डालनी होगी। मेरा मानना है कि अब आपको बुमराह के बिना टेस्ट मैच देखने की आदत डालनी होगी।'' कैफ ने कहा, ''मुझे उम्मीद है और दुआ है कि मैं गलत हूं। लेकिन इस टेस्ट में मैंने जो देखा, उससे ऐसा लग रहा है कि वह बिल्कुल भी आनंद नहीं ले रहे हैं। वह अपने शरीर से लड़ाई हार गए हैं। जोश और जुनून तो वही है, लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा है। और ऐसी स्थिति में आप क्या कर सकते हैं।'' रोहित के संन्यास के बाद भारतीय 'थिंक-टैंक' की कप्तानी के लिए पहली पसंद बुमराह थे लेकिन उन्होंने अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए इस पद के लिए नहीं' कह दिया। बुमराह ने एक साक्षात्कार में कहा था, ''हां, बीसीसीआई टीम के नेतृत्व के लिए मुझे चाहते थे। लेकिन फिर मुझे मना करना पड़ा। यह टीम के लिए भी उचित नहीं है

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर: साथियान-आकाश की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब जीता

**लागोस (नाइजीरिया) :** भारत के टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान और आकाश पाल ने शनिवार को यहां डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट में लियो डी नोडरेस्ट और जूल्स रोलैंड की फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे गेम में 22 मिनट से भी कम समय में हराकर पुरुष युगल खिताब जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने नाइजीरियाई राजधानी के सर मोलाडे ओकोया थॉमस इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में फ्रांसीसी जोड़ी को 11-9, 11-4, 11-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने शुरू से अंत तक फाइनल मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा और अपनी सर्विस पर 19 अंक और विरोधी टीम की सर्विस पर 14 अंक हासिल किए।

## गिल को समय दीजिये, वह अपनी गलतियों से सबक लेंगे: कपिल देव

**नयी दिल्ली :** महान क्रिकेटर कपिल देव ने शनिवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला युवा भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए एक सीखने का शानदार अनुभव होगा और उन्होंने आलोचकों से उन्हें नेतृत्व के मामले में परिपक्व होने के लिए कुछ समय देने का आग्रह किया। गिल को पांच मैचों की इस श्रृंखला से पहले टीम का कप्तान बनाया गया था और उन्होंने बर्मिंघम में टीम को एक ऐतिहासिक जीत दिलाई, लेकिन भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में टीम मुश्किल में दिख रही है। पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने 2025 के दूसरे भाग के कार्यक्रम की घोषणा के इतर कहा, ''उसे समय दो। यह उसकी पहली श्रृंखला है, वह गलतियां करेगा और समय के साथ कई सकारात्मक बातें भी होंगी, वह सीखेगा। वह अगर सीख रहा है तो कोई समस्या नहीं है। वह अपनी गलतियों से सीख रहा है, यह बहुत महत्वपूर्ण है।''







वर्ष 10, पूर्णांक 3309 अंक 119, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in